Adda247 GET IT ON Google Play

# UPSSSC ग्राम विकास अधिकारी परीक्षा, 2018

## व्याख्यात्मक हल सहित प्रश्न-पत्र

सीरीज - EA परीक्षा तिथि - 23/12/2018

### हिन्दी परिज्ञान एवं लेखन योग्यता

**1. निम्नलिखित में से कौन-सा पत्र वैयक्तिक पत्र की श्रेणी में आएगा?**

(a) व्यापारिक पत्र (b) प्रार्थना-पत्र
(c) मित्र का पत्र (d) संपादक के नाम पत्र

**उत्तर—(c)**

वैयक्तिक अथवा व्यक्तिगत पत्र अनौपचारिक पत्र की श्रेणी में आते हैं। इन पत्रों से तात्पर्य ऐसे पत्रों से है, जिन्हें व्यक्तिगत मामलों के संबंध में पारिवारिक सदस्यों, मित्रों एवं अन्य परिजनों को लिखा जाता है।

**2. निम्नलिखित में से कौन-सी पत्र की विशेषता नहीं है?**

(a) संक्षिप्तता (b) प्रेषक
(c) क्रमबद्धता (d) विनयशीलता

**उत्तर—(b)**

एक अच्छे पत्र में उद्देश्य, शैली, सहजता, विनयशीलता/शिष्टाचार, संक्षिप्तता, क्रमबद्धता, व्याकरण सुलेख आदि की विशेषता (गुण) होनी चाहिए।

**3. गंदगी की समस्या से पीड़ित मुहल्लेवासियों की ओर से नगरपालिकाध्यक्ष को लिखा गया पत्र निम्नलिखित में से किस श्रेणी के अंतर्गत आएगा?**

(a) प्रार्थना-पत्र (b) आवेदन पत्र
(c) व्यापारिक पत्र (d) शिकायती पत्र

**उत्तर—(d)**

गंदगी की समस्या से पीड़ित मुहल्लेवासियों की ओर से नगरपालिकाध्यक्ष को लिखा गया पत्र 'शिकायती पत्र' की श्रेणी में आएगा।

**4. निम्नलिखित में से कौन-सा मूल दीर्घ स्वर नहीं है?**

(a) आ (b) ई
(c) ऊ (d) ओ

**उत्तर—(d)**

स्वर उन वर्णों को कहा जाता है, जिनका उच्चारण बिना किसी अवरोध के होता है। अ,इ,उ,ऋ ह्रस्व स्वर; आ, ई, ऊ दीर्घ स्वर और ए,ऐ,ओ,औ संयुक्त स्वर हैं।

**5. निम्नलिखित में से शुद्ध वर्तनी वाला शब्द कौन-सा है?**

(a) अध्यन (b) अधयन
(c) अध्ययन (d) आध्यन

**उत्तर—(c)**

'अध्ययन' शुद्ध वर्तनी वाला शब्द है।

**6. निम्नलिखित में से शुद्ध वर्तनी वाला शब्द कौन-सा है?**

(a) उतरदाई (b) उत्तरदायी
(c) उतरदायी (d) उत्तरदाई

**उत्तर—(b)**

'उत्तरदायी' शुद्ध वर्तनी वाला शब्द है।

**7. सन्धियां तीन प्रकार की होती हैं। निम्नलिखित में से कौन-सा एक सन्धि का प्रकार नहीं है?**

(a) स्वर सन्धि (b) व्यंजन सन्धि
(c) विसर्ग सन्धि (d) अनुस्वार सन्धि

**उत्तर—(d)**

सन्धियां तीन प्रकार की होती हैं- स्वर सन्धि, व्यंजन सन्धि और विसर्ग सन्धि। दो स्वरों के मेल से उत्पन्न विकार को स्वर सन्धि कहते हैं। व्यंजन से स्वर अथवा व्यंजन के मेल से उत्पन्न विकार को व्यंजन सन्धि कहते हैं। विसर्ग के साथ स्वर या व्यंजन के मेल से उत्पन्न विकार को विसर्ग सन्धि कहा जाता है।

**8. निम्नलिखित में से कौन-सा व्यंजन सन्धि का उदाहरण नहीं है?**

(a) जगदम्बा (b) विद्यालय
(c) संतोष (d) अहंकार

**उत्तर—(b)**

'विद्यालय' (विद्या + आलय) व्यंजन सन्धि का नहीं, बल्कि स्वर सन्धि के एक उपभेद दीर्घ स्वर सन्धि का उदाहरण है। यदि अ, आ, इ, ई, उ, ऊ एवं ऋ के बाद वे ही ह्रस्व या दीर्घ स्वर आएं, तो दोनों मिलकर क्रमशः आ, ई, ऊ एवं ऋ हो जाते हैं। जैसे- जगदम्बा (जगत् + अम्बा), सन्तोष (सम् + तोष) और अहंकार (अहम् + कार) में व्यंजन सन्धि है।

**9. 'देशभक्ति' में कौन-सा समास है?**

(a) अव्ययीभाव (b) तत्पुरुष

Test Prime

ALL EXAMS, ONE SUBSCRIPTION

70,000+ Mock Tests

Personalised Report Card

Unlimited Re-Attempt

600+ Exam Covered

Previous Year Papers

500% Refund

IBPS

NABARD

INDIAN RAILWAYS

ATTEMPT FREE MOCK NOW

(c) बहुव्रीहि (d) द्वन्द्व

उत्तर—(b)

'देशभक्ति' का समास विग्रह है- 'देश के लिए भक्ति'। इसमें तत्पुरुष समास का एक उपभेद सम्प्रदान तत्पुरुष समास है। तत्पुरुष समास में अन्तिम पद प्रधान होता है।

**10. 'पंचवटी' में कौन-सा समास है?**

(a) बहुव्रीहि समास (b) द्वन्द्व समास

(c) द्विगु समास (d) तत्पुरुष समास

उत्तर—(c)

'पंचवटी' का समास विग्रह है 'पांच वटों का समाहार'। इसमें द्विगु समास है, जिस समास का पहला पद संख्याबोधक हो, वह द्विगु समास कहलाता है।

**11. 'अधिकारी' में उपसर्ग कौन-सा है?**

(a) अ (b) अधि

(c) री (d) ई

उत्तर—(b)

'अधिकारी' में 'अधि' उपसर्ग है। 'अधि' उपसर्ग का अर्थ 'श्रेष्ठ, ऊपर, सामीप्य' होता है। इस उपसर्ग से निर्मित अन्य शब्द हैं, अधिकरण, अधिराज, अध्यात्म, अध्यक्ष, अधिपति आदि।

**12. निम्नलिखित में से किस शब्द में 'अ' उपसर्ग नहीं लगा है?**

(a) अकथ (b) अभेद

(c) अचूक (d) अनुज

उत्तर—(d)

'अनुज' शब्द में 'अ' उपसर्ग नहीं, बल्कि 'अनु' उपसर्ग लगा है। 'अ' (निषेध के अर्थ में) उपसर्ग से निर्मित शब्द हैं- अकथ, अभेद, अचूक, अपढ़, अजान, अलग आदि। 'अनु' (क्रम, पश्चात्, समानता के अर्थ में) उपसर्ग से बने शब्द हैं- अनुकरण, अनुवाद, अनुचर, अनुपात, अनुकूल आदि।

**13. निम्नलिखित में से किस शब्द में 'नी' प्रत्यय नहीं लगा है?**

(a) शेरनी (b) मोरनी

(c) नौकरानी (d) कुटनी

उत्तर—(c)

'नौकरानी' में 'नी' प्रत्यय नहीं, बल्कि 'आनी' प्रत्यय लगा है। शेरनी, मोरनी एवं कुटनी में 'नी' प्रत्यय लगा है।

**14. निम्नलिखित में से कौन-सा शब्द तत्सम नहीं है?**

(a) कपाट (b) कीटक

(c) कूची (d) कुम्भकार

उत्तर—(c)

'कूची' तत्सम शब्द नहीं है। कपाट एवं कुम्भकार तत्सम शब्द हैं, जिनके तद्भव शब्द क्रमशः किवाड़ तथा कुम्हार हैं।

**15. निम्नलिखित में से कौन-सा शब्द तद्भव है?**

(a) पक्ष (b) पक्षी

(c) पतन (d) पत्ता

उत्तर—(d)

'पत्ता' तद्भव शब्द है, जिसका तत्सम शब्द 'पत्र' है। पक्ष तथा पक्षी तत्सम शब्द हैं, जिनके तद्भव क्रमशः पंख तथा पंछी हैं।

**16. निम्नलिखित में से कौन-सा शब्द तत्सम है?**

(a) सोलह (b) शोभन

(c) सोता (d) सोना

उत्तर—(b)

'शोभन' शब्द तत्सम है जिसका तद्भव 'सोहन' है। सोलह, सोता एवं सोना तद्भव हैं, जिनके तत्सम क्रमशः षोडश, स्रोत तथा स्वर्ण हैं।

**17. उत्पत्ति के आधार पर शब्दों के चार भेद किए गए हैं। निम्नलिखित में से कौन-सा भेद गलत है?**

(a) तत्सम (b) तद्भव

(c) यौगिक (d) विदेशी

उत्तर—(c)

उत्पत्ति के आधार पर शब्दों के चार भेद किए गए हैं- तत्सम, तद्भव, देशज और विदेशी। रचना या बनावट के अनुसार शब्दों के भेद हैं- रूढ़, यौगिक और योगरूढ़।

**18. निम्नलिखित में से कौन-सा शब्द समूहवाचक संज्ञा नहीं है?**

(a) सभा (b) कक्षा

(c) भीड़ (d) दौड़

उत्तर—(d)

जिस संज्ञा से वस्तु अथवा व्यक्ति के समूह का बोध हो, उसे समूहवाचक संज्ञा कहते हैं। सभा, कक्षा, भीड़, दल, गिरोह, गुच्छा, कुंज आदि।

**19. निम्नलिखित में से कौन-सा शब्द द्रव्यवाचक संज्ञा है?**

(a) खटाई (b) मिठाई

(c) दूध (d) ठण्ड

उत्तर—(c)

जिस संज्ञा से नाप-तौल वाली वस्तु का बोध हो, उसे द्रव्यवाचक संज्ञा कहते हैं। जैसे- दूध, पानी, लोहा, सोना, चांदी, तेल आदि।

**20. 'वह आप ही चला गया'। - वाक्य में रेखांकित शब्द सर्वनाम के किस भेद का उदाहरण है?**

(a) पुरुषवाचक (b) निजवाचक
(c) निश्चयवाचक (d) संबंधवाचक

**उत्तर—(b)**

प्रश्नगत वाक्य में रेखांकित शब्द 'आप' निजवाचक सर्वनाम है। निजवाचक सर्वनाम का रूप 'आप' है, किन्तु इसका प्रयोग पुरुषवाचक के अन्यपुरुष वाले 'आप' से बिल्कुल अलग है। यह कर्ता का बोधक है, किन्तु स्वयं कर्ता का काम नहीं करता।

**21. 'गिलास में थोड़ा दूध है। - वाक्य में रेखांकित शब्द विशेषण के किस भेद के अंतर्गत आएगा?**

(a) परिमाणवाचक (b) संख्यावाचक
(c) संकेतवाचक (d) गुणवाचक

**उत्तर—(a)**

प्रश्नगत वाक्य में रेखांकित शब्द 'थोड़ा' परिमाणवाचक विशेषण है। परिमाणवाचक विशेषण किसी वस्तु की नाप या तौल का बोध कराता है।

**22. क्रिया के मूल रूप को क्या कहते हैं?**

(a) पद (b) रूप
(c) धातु (d) शब्द

**उत्तर—(c)**

क्रिया के मूल रूप को 'धातु' कहते हैं। 'धातु' क्रियापद के उस अंश को कहते हैं, जो किसी क्रिया के प्राय: सभी रूपों में पाया जाता है।

**23. 'मैं वहाँ होकर आया हूँ।' - वाक्य में अव्यय शब्द कौन-सा है?**

(a) मैं (b) वहाँ
(c) होकर (d) हूँ

**उत्तर—(b)**

'मैं वहाँ होकर आया हूँ।' - वाक्य में 'वहाँ' शब्द अव्यय है। यह 'क्रिया-विशेषण अव्यय' है। जिस शब्द से क्रिया की विशेषता प्रकट हो, उसे 'क्रिया-विशेषण' कहते हैं।

**24. 'उसने कटोरा भर दूध पिया।' - वाक्य में अव्यय शब्द कौन-सा है?**

(a) कटोरा (b) दूध
(c) भर (d) पिया

**उत्तर—(c)**

'उसने कटोरा भर दूध पिया।' - वाक्य में अव्यय शब्द 'भर' है। यह रीतिवाचक क्रिया-विशेषण है। अवधारण अर्थ में रीतिवाचक क्रिया-विशेषण हैं- तो, ही, भी, मात्र, भर, तक, सा।

**25. निम्नलिखित में से कौन-सा एक 'अनाथ' का पर्यायवाची नहीं है?**

(a) बेसहारा (b) यतीम
(c) अनाड़ी (d) निराश्रित

**उत्तर—(c)**

'अनाथ' का पर्याय 'अनाड़ी' नहीं है। अनाथ के पर्यायवाची हैं- बेसहारा, यतीम, निराश्रित, नाथहीन, दीन।

**26. निम्नलिखित में से 'विचित्र' का पर्यायवाची क्या होगा?**

(a) विरुद्ध (b) प्रतिकूल
(c) विलक्षण (d) विपरीत

**उत्तर—(c)**

'विचित्र' का पर्यायवाची 'विलक्षण' है। इसके अन्य पर्यायवाची हैं- अद्‌भुत, अनोखा, अनूठा आदि। 'विपरीत' के पर्यायवाची हैं- विरुद्ध, प्रतिकूल, उलटा, खिलाफ।

**27. निम्नलिखित में से 'अमृत' का विलोम क्या होगा?**

(a) अमर (b) मर्त्य
(c) विश्व (d) विष

**उत्तर—(d)**

'अमृत' का विलोम 'विष' है। 'अमर' का विलोम 'मर्त्य' है।

**28. निम्नलिखित में से 'निन्दा' का विलोम क्या होगा?**

(a) स्तुति (b) निंद्य
(c) श्लाघ्य (d) निरुद्ध

**उत्तर—(a)**

'निन्दा' का विलोम 'स्तुति' है। 'निंद्य' का विलोम 'वंद्य/स्तुत्य' है।

**29. '....... को कोई नहीं टाल सकता।' रिक्त स्थान के लिए उचित शब्द चुनें।**

(a) नियत (b) नियति
(c) निमित्त (d) नमित

**उत्तर—(b)**

रिक्त स्थान के लिए उचित शब्द 'नियति' है। पूरा वाक्य इस प्रकार होगा - 'नियति को कोई नहीं टाल सकता।'

**30. 'अपने ......... के लिए लड़ना धर्म है।'
रिक्त स्थान के लिए उचित शब्द चुनें।**

(a) सत्त्व (b) स्वत्व

Adda247 GET IT ON Google Play

(c) सम्मति (d) सम्मत

उत्तर—(b)

रिक्त स्थान के लिए उचित शब्द 'स्वत्व' है। पूरा वाक्य इस प्रकार होगा- 'अपने स्वत्व के लिए लड़ना धर्म है।'

**31. 'अनियमित' के लिए उचित वाक्यांश चुनें।**

(a) जिस पर कोई नियंत्रण न हो
(b) जो नियमानुकूल न हो
(c) जिसके संबंध में कोई निर्णय न हुआ हो
(d) जिसका निवारण न हो सकता हो

उत्तर—(b)

'अनियमित' के लिए उचित वाक्यांश है 'जो नियमानुकूल न हो'।

**32. 'जिस पर आक्रमण हो' - वाक्यांश के लिए उचित शब्द चुनें।**

(a) आक्रमण (b) आक्रामक
(c) आक्रांत (d) आत्मघाती

उत्तर—(c)

'जिस पर आक्रमण हो' - वाक्यांश के लिए उचित शब्द 'आक्रान्त' है। 'अपने प्राण खुद ही समाप्त कर लेने वाला' के लिए एक शब्द 'आत्मघाती' है।

**33. 'गुड़ गोबर कर देना' - मुहावरे का उचित अर्थ बताइए।**

(a) कोई बखेड़ा खड़ा करना
(b) गायब कर देना
(c) बना बनाया काम बिगाड़ देना
(d) अपनी हानि करके मौज उड़ाना

उत्तर—(c)

'गुड़ गोबर कर देना' - मुहावरे का उचित अर्थ है- 'बना बनाया काम बिगाड़ देना'।

**34. 'हथियार डाल देना' - मुहावरे का सही अर्थ बताइए।**

(a) मात्र कल्पना करते रहना (b) हथियार गिरा देना
(c) हथियार उठा लेना (d) हार मान लेना

उत्तर—(d)

'हथियार डाल देना' - मुहावरे का सही अर्थ है 'हार मान लेना'।

**35. 'चमड़ी जाए पर दमड़ी न जाए' - लोकोक्ति का निम्नलिखित में से उपयुक्त अर्थ चुनें।**

(a) बहुत गरीब (b) बहुत सहनशील
(c) बहुत कंजूसी (d) बहुत बीमार

उत्तर—(c)

'चमड़ी जाए पर दमड़ी न जाए' - लोकोक्ति का सही अर्थ है 'बहुत कंजूसी'।

**36. निम्नलिखित में से मिश्र वाक्य कौन-सा है?**

(a) रण में सेनापति के वीरता दिखाने के कारण राष्ट्रपति ने उसे वीर चक्र प्रदान किया।
(b) उसे लूटने के अतिरिक्त पीटा भी गया।
(c) उसने मान लिया कि दोष उसका है।
(d) मेरा मित्र आया और हम दोनों सैर करने चल पड़े।

उत्तर—(c)

विकल्प (c) में प्रस्तुत वाक्य मिश्र वाक्य (मिश्रित वाक्य ) है। जिस वाक्य में एक प्रधान (मुख्य) उपवाक्य हो तथा अन्य आश्रित (गौण) उपवाक्य हों और जो आपस में कि, जो, क्योंकि, जितना, उतना, जैसा, वैसा, जब, तब, जहां, वहां, जिधर, उधर, अगर/यदि, तो यद्यपि, तथापि आदि से जुड़े हों, उसे मिश्रित वाक्य कहते हैं।

**37. 'वह दण्ड से बचना चाहता था, इसलिए भाग गया।' - यह एक संयुक्त वाक्य है। इसका सरल रूप होगा-**

(a) क्योंकि वह दण्ड से बचना चाहता था इसलिए भाग गया।
(b) दण्ड से बचने के लिए वह भाग गया।
(c) वह भाग गया क्योंकि दण्ड से बचना चाहता था।
(d) वह भागा क्योंकि उसे दण्ड से बचना था।

उत्तर—(b)

प्रश्नगत संयुक्त वाक्य का सरल रूप है- दण्ड से बचने के लिए वह भाग गया।

**38. निम्नलिखित में से व्याकरणिक दृष्टि से शुद्ध वाक्य कौन-सा है?**

(a) वे अनेक विषय के ज्ञाता थे।
(b) इस समय चार बजे हैं।
(c) सब लोग अपनी राय दें।
(d) आँसू से मेरा रूमाल भीग गया।

उत्तर—(b)

'इस समय चार बजे हैं।' - यह वाक्य व्याकरणिक दृष्टि से शुद्ध है। विकल्प (a) में प्रस्तुत वाक्य में 'अनेक विषय' के स्थान पर 'अनेक विषयों' का प्रयोग होना चाहिए। विकल्प (c) में 'अपनी' के स्थान पर 'अपनी-अपनी' का प्रयोग उचित होगा। विकल्प (d) में 'आँसू' के स्थान पर 'आँसुओं' होना चाहिए।

**39. निम्नलिखित में से कर्मवाच्य वाला वाक्य चुनें।**

(a) ऐसा कहते हैं कि ......।
(b) तुम लिख नहीं सकते।
(c) बिल्ली के हाथों चूहा मारा गया।
(d) उसे सब कुछ बता दें।

उत्तर—(c)

'बिल्ली के हाथों चूहा मारा गया।' कर्मवाच्य वाला वाक्य है। क्रिया के जिस रूपान्तर से वाक्य में कर्म की प्रधानता का बोध हो, उसे कर्मवाच्य कहते हैं। उपर्युक्त वाक्य में 'मारा गया' क्रिया का प्रभाव कर्म 'बिल्ली के हाथों' पर पड़ रहा है और वाक्य में कर्म की प्रधानता है। अतः इसमें कर्मवाच्य है।

**40. 'से', 'के द्वारा' किस कारक का परसर्ग है?**

(a) अपादान (b) करण
(c) सम्प्रदान (d) अधिकरण

**उत्तर—(b)**

करण कारक का परसर्ग 'से', 'के द्वारा' है, जबकि अपादान कारक का 'से' (अलगाव अर्थ में), सम्प्रदान कारक का 'को, के लिए' और अधिकरण कारक का 'में, पर' है।

**41. 'वह मुझसे अलग रहता है'। - रेखांकित शब्द के आधार पर बताइए कि यहाँ कौन-सा कारक है?**

(a) सम्प्रदान (b) अपादान
(c) करण (d) अधिकरण

**उत्तर—(b)**

रेखांकित शब्द 'मुझसे' के आधार पर प्रश्नगत वाक्य में अपादान कारक है। संज्ञा के जिस रूप से किसी वस्तु के अलग होने का भाव प्रकट होता है, उसे अपादान कारक कहते हैं। इसका परसर्ग 'से' है।

**42. निम्नलिखित में से कौन-सा शब्द स्त्रीलिंग है?**

(a) देश (b) नगर
(c) द्वीप (d) झील

**उत्तर—(d)**

'झील' शब्द स्त्रीलिंग है, जबकि देश, नगर एवं द्वीप शब्द पुल्लिंग हैं।

**43. निम्नलिखित में से कौन-सा शब्द दोनों वचनों में समान रहता है?**

(a) कथा (b) सरसों
(c) लता (d) कुटी

**उत्तर—(b)**

'सरसों' शब्द एक वचन और बहुवचन दोनों में समान रहता है। कथा एवं लता का बहुवचन क्रमशः कथाएँ तथा लताएँ होगा। 'कुटी' का बहुवचन 'कुटियाँ' है।

**44. निम्नलिखित में से कौन-सा वाक्य पूर्ण भूतकाल का उदाहरण है?**

(a) वे गए। (b) वे खा रहे थे।
(c) वे आए थे। (d) वे सोकर उठे हैं।

**उत्तर—(c)**

'वे आए थे।' - वाक्य पूर्ण भूतकाल का उदाहरण है। क्रिया का वह रूप, जिससे क्रिया की समाप्ति के समय का स्पष्ट बोध होता है कि क्रिया को समाप्त हुए काफी समय बीता है, पूर्ण भूतकाल कहलाता है। विकल्प (a) का शब्द सामान्य भूतकाल और विकल्प (b) का शब्द अपूर्ण भूतकाल का उदाहरण है।

**45. निम्नलिखित शब्दों में निपात का उदाहरण कौन-सा शब्द है?**

(a) ठीक (b) निकट
(c) इधर (d) कल

**उत्तर—(a)**

'ठीक' शब्द निपात है। अवधारण बोधक निपात है- ठीक, लगभग, करीब, तकरीबन। 'निकट' स्थानवाचक सम्बन्धबोधक अव्यय है।

**46. निम्नलिखित में से अनुपयुक्त शब्द प्रयोग सम्बन्धी अशुद्धि किस वाक्य में है?**

(a) उसने आसन ग्रहण किया।
(b) पूज्यनीय पिताजी आ गए।
(c) आज बेहद गर्मी है।
(d) उसकी जन्मतिथि क्या है?

**उत्तर—(b)**

विकल्प (b) में प्रस्तुत वाक्य में प्रयुक्त शब्द 'पूज्यनीय' अशुद्ध है, जिसका शुद्ध रूप 'पूजनीय' है। शुद्ध वाक्य इस प्रकार होगा- 'पूजनीय पिताजी आ गए।'

**47. संविधान के किस अनुच्छेद में हिन्दी को राजभाषा तथा इसकी लिपि देवनागरी को स्वीकार किया गया?**

(a) 353 (b) 351
(c) 343 (d) 344

**उत्तर—(c)**

अनुच्छेद 343 में हिन्दी को राजभाषा तथा इसकी लिपि देवनागरी को स्वीकार किया गया है। अनुच्छेद 343(1) के अनुसार, संघ की राजभाषा हिन्दी और लिपि देवनागरी होगी, संघ के शासकीय प्रयोजनों के लिए प्रयोग होने वाले अंकों का रूप भारतीय अंकों का अंतरराष्ट्रीय रूप होगा।

**48. निम्नलिखित में से कौन-सी बोली उत्तर प्रदेश में बोली जाती है?**

(a) बाँगरू (b) हाड़ौती
(c) बुन्देली (d) कन्नौजी

**उत्तर—(c & d)**

कन्नौजी और बुन्देली दोनों बोलियां उत्तर प्रदेश में बोली जाती हैं। कन्नौजी बोली कन्नौज, फर्रुखाबाद, इटावा, औरैया आदि जिलों में, जबकि बुन्देली, झाँसी, जालौन, हमीरपुर एवं बाँदा जिलों में बोली जाती है। UPSSSC ने इस प्रश्न का उत्तर विकल्प (d) माना है।

Adda247
GET IT ON Google Play

49. **'मामला अभी भी विचाराधीन है।' - वाक्य का उचित अंग्रेजी अनुवाद क्या होगा?**
(a) The matter is consideration.
(b) The matter is under consideration.
(c) The matter is still under considerations.
(d) The matter still consideration.

**उत्तर—(c)**

'मामला अभी भी विचाराधीन है।' - वाक्य का उचित अंग्रेजी अनुवाद है- 'The matter is still under considerations.

50. **'Application may be rejected' - वाक्य का उचित हिन्दी अनुवाद क्या होगा?**
(a) आवेदन अस्वीकृत किया जाए।
(b) आवेदन अस्वीकार करें।
(c) आवेदन स्वीकार न करें।
(d) आवेदन अस्वीकार किया जा सकता है।

**उत्तर—(a)**

'Application may be rejected'- वाक्य का सही हिन्दी अनुवाद है- 'आवेदन अस्वीकृत किया जाए।'


## सामान्य बुद्धि परीक्षण



51. **निम्नलिखित में से विषम का चयन करें।**
(a) लोहा (b) तांबा
(c) इस्पात (d) एल्युमीनियम

**उत्तर—(c)**

लोहा, तांबा और एल्युमीनियम धातुएं हैं, जबकि इस्पात एक मिश्रधातु (लोहा + कार्बन) है। अतः विकल्प (c) अन्य से भिन्न है।


52. **दिए गए विकल्पों में से, उस आकृति का चयन करें, जो निम्नलिखित आकृति शृंखला में '?' को प्रतिस्थापित कर सकती है।**




(a)  (b) 

(c)  (d) 

**उत्तर—(d)**

जिस प्रकार पहली आकृति  को दक्षिणावर्त घुमाने पर अगली आकृति  प्राप्त हो रही है। उसी प्रकार तीसरी आकृति  को दक्षिणावर्त घुमाने पर अगली आकृति  प्राप्त होगी। अतः विकल्प (d) सही उत्तर है।

53. **निम्नलिखित में से विषम नाम का चयन करें।**
(a) टोनी ब्लेयर (b) ब्लेज पास्कल
(c) सर इस्साक न्यूटन (d) जेम्स प्रेस्कॉट जूल

**उत्तर—(a)**

ब्लेज पास्कल, सर ऑइजक (इस्साक) न्यूटन तथा जेम्स प्रेस्कॉट जूल, तीनों भौतिक विज्ञान के वैज्ञानिक हैं, जबकि टोनी ब्लेयर एक ब्रिटेन के राजनेता (1997-2007 तक प्रधानमंत्री) हैं। अतः विकल्प (a) अन्य से भिन्न है।


54. **उस शब्द का चयन करें, जो निम्नलिखित समूह से संबंधित नहीं है?**
**बड़ौदा, चेन्नई, बॉम्बे, कलकत्ता, कोचीन, पांडिचेरी, कानपुर, पूना, कालीकट**
(a) चेन्नई (b) कोचीन
(c) कानपुर (d) पूना

**उत्तर—(a)**

जिस प्रकार कोचीन (Cochin) का नया नाम कोच्चि (Kochi), कानपुर (Cawnpore) का नया नाम कानपुर (Kanpur) तथा पूना (Poona) का नया नाम पुणे (Pune) है, जबकि चेन्नई मद्रास का नया नाम है। अतः विकल्प (a) अन्य तीनों से भिन्न है।

55. **40 सहपाठियों में से, 17 क्रिकेट खेलते हैं, 19 फुटबॉल खेलते हैं और 3 क्रिकेट और फुटबॉल दोनों खेलते हैं। उन छात्रों की संख्या की पहचान करें, जो न तो क्रिकेट खेलते हैं और न ही फुटबॉल खेलते हैं।**
(a) 7 (b) 8
(c) 9 (d) 10

**उत्तर—(a)**




कुल विद्यार्थियों की संख्या = 40
क्रिकेट तथा फुटबॉल खेलने वाले कुल विद्यार्थी = 14 + 3 + 16 ⇒ 33

Adda247
GET IT ON Google Play


अत: वे विद्यार्थी जो न तो क्रिकेट खेलते हैं और न ही फुटबॉल की संख्या = 40 – 33
= 7
अत: विकल्प (a) सही उत्तर है।

**56. 30 छात्रों की एक कक्षा में 15 छात्र मराठी बोल सकते हैं, 17 हिंदी बोल सकते हैं और 13 अंग्रेजी बोल सकते हैं। 5 छात्र अंग्रेजी और मराठी दोनों बोल सकते हैं और इनमें से 2 हिंदी भी बोल सकते हैं। 6 छात्र केवल अंग्रेजी बोलते हैं और 7 छात्र केवल हिंदी बोलते हैं। कितने छात्र केवल मराठी बोलते हैं?**

(a) 2 (b) 3
(c) 4 (d) 5

**उत्तर–(c)**

प्रश्नानुसार, वेन आरेख बनाने पर -





वेन आरेख से स्पष्ट है कि केवल मराठी बोलने वाले छात्रों की संख्या = 4
अत: विकल्प (c) सही उत्तर है।

**57. छात्रों का एक निश्चित समूह ट्रेन से यात्रा कर रहा है। 30 छात्रों के पास मोबाइल फोन हैं और 20 छात्रों के पास टैबलेट हैं। 15 छात्रों के पास मोबाइल फोन के साथ-साथ टैबलेट भी हैं, जबकि अन्य 15 छात्रों के पास न तो मोबाइल फोन है और न ही टैबलेट है। यात्रा करने वाले छात्रों की कुल संख्या क्या है?**


(a) 30 (b) 45
(c) 50 (d) 55

**उत्तर–(c)**




वे छात्र जिनके पास मोबाइल फोन और टैबलेट हैं-
= 5 + 15 + 15 ⇒ 35
वे छात्र जिनके पास न तो मोबाइल फोन और न ही टैबलेट हैं
= 15
अत: कुल छात्र = 35 + 15 ⇒ 50


**58. दिए गए चित्र में त्रिभुजों की कुल संख्या कितनी है?**



(a) 6 (b) 8
(c) 10 (d) 12

**उत्तर–(c)**


दी गई आकृति में निम्न त्रिभुज हैं





एक फलक पर बने त्रिभुजों की संख्या = 6
दो फलक पर बने त्रिभुजों की संख्या = 4
∴ कुल त्रिभुजों की संख्या = 6+4 = 10


| | |
|---|---|
| 1. ABG | 6. BGC |
| 2. ADG | 7. BCD |
| 3. ABC | 8. ABD |
| 4. ADC | 9. GCD |
| 5. ABE | 10. CFD |


**59. नीचे दी गई पेपर की शीट, जिसमें सामने की ओर संख्याएं चिह्नित की गई हैं और पीछे की तरफ कुछ नहीं लिखा है, को इस प्रकार फोल्ड करके एक पासा बनाया जाता है कि संख्याएं बाहर की ओर दिखाई देती हैं।**





**दिए गए विकल्पों में से कौन-सा विकल्प इस क्यूब को सही दर्शाता है?**

(a) 


(b) 

(c) 


(d) 


**उत्तर–(b)**


दिए गए खुले आकृति को घन के रूप में मोड़ने पर विकल्प (b) में दिए गए घन के रूप में दिखाई देगा।

**60. एक व्यक्ति अपने घर से निकलता है और पूर्व की ओर 10 किमी. चलता है। फिर वह दाएं मुड़ता है और 5 किमी. चलता है। फिर वह 180° मुड़ जाता है और 10 किमी. चलता है। अंत में, वह बाएं मुड़ता है और 10 किमी. चलता है। वह अपने आरंभिक स्थान से कितना दूर है?**

(a) 0 किमी. (b) 5 किमी.

(c) 10 किमी. (d) 15 किमी.

**उत्तर–(b)**




प्रारंभिक स्थान से अंतिम स्थान तक व्यक्ति की दूरी OD = 5 किमी.

(∵ OD = AC)


अतः व्यक्ति अपने आरंभिक स्थान से 5 किमी. की दूरी पर है।

**61. दीपक अपने घर से निकलता है और 12 किमी. पूर्व की ओर चलता है और फिर बाएं मुड़ता है और अपने स्कूल तक पहुंचने के लिए 5 किमी. चलता है। उनकी बहन दीपिका भी उसी समय पर उसी घर से पिछली तरफ से बाहर निकलती है और 12 किमी. पश्चिम की ओर चलती है और फिर बाएं मुड़ती है और अपने स्कूल तक पहुंचने के लिए 5 किमी. तक चलती है। दो स्कूलों के बीच न्यूनतम दूरी क्या है?**

(a) 10 किमी. (b) 17 किमी.

(c) 24 किमी. (d) 26 किमी.

**उत्तर–(d)**




दोनों स्कूलों के बीच न्यूनतम दूरी = BD

Δ OAB में

$(OB)^2 = (OA)^2 + (AB)^2$

$(OB)^2 = (12)^2 + (5)^2$

$(OB)^2 = 169$

$OB = \sqrt{169} = 13$

पुनः Δ OCD में

$(OD)^2 = (OC)^2 + (CD)^2$

$(OD)^2 = (12)^2 + (5)^2$

$(OD)^2 = 169$

$OD = \sqrt{169} = 13$

अतः दोनों स्कूलों के बीच न्यूनतम दूरी = BD = (OD + OB)

$\Rightarrow BD = 13 + 13$

$= 26$ किमी.

**62. प्रत्येक सुबह, शेखर अपने घर से निकलता है और सूरज की दिशा में इस प्रकार चलता है कि उसकी परछाई उसके पीछे बनती है। वह अपने कार्यालय तक पहुंचने के लिए 12 किमी. चलता है। शाम को सूर्यास्त से ठीक पहले, वह अपने कार्यालय से निकलता है और फिर सूरज की दिशा में इस प्रकार चलता है कि उसकी परछाई ठीक उसके पीछे बनती है। वह 9 किमी. चलता है और फिर बाएं मुड़ता है और अपने जिम तक पहुंचने के लिए 4 किमी. और चलता है। उसके जिम और उसके घर के बीच सबसे छोटी दूरी क्या है?**


(a) 3 किमी. (b) 4 किमी.

(c) 5 किमी. (d) 6 किमी.

**उत्तर–(c)**

शेखर, सूरज की दिशा में चलता है और उसकी परछाई उसके पीछे बनती है अर्थात शेखर पूर्व की दिशा में चलता है, क्योंकि सूर्य पूर्व दिशा में उगता है और शाम के समय सूर्य पश्चिम दिशा में डूबता है।

घर से जिम के बीच न्यूनतम दूरी = OC




$OB = OA - AB$

$= 12 - 9$

$= 3$ किमी.

Adda247
GET IT ON Google Play

Δ OBC में

$(OC)^2 = (OB)^2 + (BC)^2$


$(OC)^2 = (3)^2 + (4)^2$


$(OC)^2 = 25$


$OC = \sqrt{25} \Rightarrow 5$


अत: घर से जिम के बीच न्यूनतम दूरी 5 किमी. है।

**63. निम्नलिखित में से किसे फोल्ड करके एक उचित क्यूब में परिवर्तित किया जा सकता है?**

(a) 

(b) 


(c) 


(d) 


**उत्तर–(c)**


विकल्प (c) में दिए गए खुले आकृति को मोड़ने पर उचित क्यूब (घन) में परिवर्तित होगा।


**64. दिए गए चित्र में, यदि षट्भुज को 90° वामावर्त घुमाया जाता है, पंचभुज को 270° दक्षिणावर्त घुमाया जाता है और त्रिभुज की जल की छवि (वाटर इमेज) ली जाती है, तो नया चित्र कैसा दिखेगा?**



(a) 

(b) 

(c) 

(d) 

**उत्तर–(d)**

दिए गए चित्र को प्रश्नानुसार घुमाने पर -

 षट्भुज  को 90° वामावर्त घुमाने पर - 

पंचभुज  को 270° दक्षिणावर्त घुमाने पर- 

त्रिभुज  का जल प्रतिबिंब लेने पर - 

∵ त्रिभुज  का जल प्रतिबिंब  केवल विकल्प (d) दिया गया है। अत: विकल्प (d)सही उत्तर है।

**65. एक कंपनी का अगले वर्ष के लिए बिक्री को 20% अधिक बढ़ाने का लक्ष्य है। उपयोग किए जाने वाले पदार्थों की लागत में कमी के साथ, लाभ मार्जिन और अधिक होने की उम्मीद है। इनमें से कौन-सा निष्कर्ष निश्चित रूप से इससे निकाला जा सकता है?**

(a) कंपनी में तैयार माल की वस्तु सूची अनुपातहीन रूप से बढ़ेगी।

(b) कंपनी की बिक्री में वृद्धि होगी, परंतु इसकी लाभप्रदता प्रभावित होगी।

(c) कंपनी से अगले वर्ष उच्च बिक्री और लाभ कमाने की उम्मीद है।

(d) बेची गई इकाइयों में वृद्धि होगी, परंतु कुल बिक्री राजस्व में कमी आएगी।

**उत्तर–(c)**

दिए गए कथन - एक कंपनी का अगले वर्ष के लिए बिक्री को 20% अधिक बढ़ाने का लक्ष्य है। उपयोग किए जाने वाले पदार्थों की लागत में कमी के साथ लाभ मार्जिन और होने की उम्मीद है, से यह स्पष्ट है कि कंपनी से अगले वर्ष उच्च बिक्री और लाभ कमाने की उम्मीद है। अत: विकल्प (c) सही उत्तर है।

**66. एक रिटेल स्टोर वेफर्स के एक बड़े पैकेट पर अंकित मूल्य पर 20% छूट दे रही है। बिक्री अवधि के बाद, यह छूट बंद कर दी जाएगी और विक्रय मूल्य अंकित मूल्य के समान होगा। ऊपर दी गई जानकारी से नीचे दिए गए निष्कर्षों में से कौन-सा निष्कर्ष निकाला जा सकता है?**

(a) सेल खत्म हो जाने के बाद, पैकेट का आकार 20% कम हो जाएगा।

(b) सेल खत्म हो जाने के बाद, स्टोर स्टॉक में वेफर्स के बड़े पैकेट को रखना बंद कर देगा।

Adda247 GET IT ON Google Play

(c) सेल खत्म हो जाने के बाद पैकेट की कीमत में 20% की वृद्धि की जाएगी।

(d) सेल खत्म हो जाने के बाद पैकेट की कीमत में 25% की वृद्धि की जाएगी।

**उत्तर—(d)**

माना, अंकित मूल्य = 100 रु.
$\therefore$ बिक्री मूल्य = 80 रु. ($\because$ 20% छूट दी गई है)
जब सेल समाप्त हो जाएगा तब छूट हटा दिया जाएगा।
$\therefore$ अंकित मूल्य, विक्रय मूल्य के बराबर हो जाएगा।
$\because$ अंकित मूल्य को 100 रु. करने के लिए बिक्री मूल्य को 25% बढ़ाना पड़ेगा।

$\therefore\ 80 \times \frac{25}{100} = 20$

या, $80 + 20 = 100$

अतः विकल्प (d) सही उत्तर है।

**67. मेक इन इंडिया कार्यक्रम के तहत, सरकार भारत में मोबाइल फोन बनाने वाली कंपनियों के लिए कर में छूट (Tax holiday) प्रदान की है। स्पेक्ट्रम शुल्कों में कमी के साथ, दूरसंचार सेवा ऑपरेटर प्रति मिनट निर्गामी कॉल दर को कम कर देंगे। इस जानकारी से निम्नलिखित में से कौन-सा निष्कर्ष निकाला जा सकता है?**

(a) सरकार ने अपने घोषणा-पत्र में घोषित डिजिटल इंडिया की अवधारणा के प्रति कोई सकारात्मक कदम नहीं उठाया है।

(b) उपयोगकर्ताओं को दिए गए लाभ के कारण मोबाइल की पहुंच के साथ-साथ देश में इसके उपयोग के औसत मिनटों के भी बढ़ने की उम्मीद है।

(c) सरकार चीनी हैंडसेट पर आयात प्रतिबंध लगाएगी और मोबाइल ऑपरेटरों के हैंडसेट बनाने पर भी बल दिया जाएगा।

(d) मोबाइल हैंडसेट की लागत बढ़ेगी और उपयोगकर्ता पोस्टपेड की जगह प्रीपेड कनेक्शन लेंगे।

**उत्तर—(b)**

दिए गए प्रश्न के अनुसार, उपयोगकर्ताओं को दिए गए लाभ के कारण मोबाइल की पहुंच के साथ-साथ देश में इसके उपयोग के औसत मिनटों के भी बढ़ने की उम्मीद है।
अतः विकल्प (b) सही उत्तर होगा।

**68. विराट के क्रीज पर होने से भारत, न्यूजीलैंड के खिलाफ मैच जीतने के लिए आवश्यक 30 रन 2 ओवरों में बना लेगा। इस कथन से, निम्नलिखित में से कौन-सा पूर्वानुमान निहित है?**

(a) विराट भारत के लिए भाग्यशाली शुभंकर है।

(b) विराट एक मजबूत बल्लेबाज है और उसने दबाव में अच्छा प्रदर्शन किया है।

(c) अंपायर विराट के साथ उदार होंगे क्योंकि वह आईसीसी प्लेयर ऑफ द ईयर है।

(d) गेंदबाज विराट को कमजोर गेंदबाजी करेंगे क्योंकि वह कप्तान है।

**उत्तर—(b)**

दिया गया कथन - विराट के क्रीज पर होने से भारत, न्यूजीलैंड के खिलाफ मैच जीतने के आवश्यक 30 रन 2 ओवरों में बना लेगा। इससे स्पष्ट है कि भारत दबाव में है और विराट के क्रीज पर होने से भारत यह मैच जीत लेगा। अतः स्पष्ट रूप से कहा जा सकता है कि, विराट एक मजबूत बल्लेबाज है और उसने दबाव में अच्छा प्रदर्शन किया है। अतः विकल्प (b) सही उत्तर होगा।

**69. इस बार रेलगाड़ी से हमारी यात्रा बहुत आरामदायक थी, क्योंकि हमने एसी श्रेणी के डिब्बे में हमारे टिकट बुक किए थे। इस कथन से निम्नलिखित में से कौन-सा पूर्वानुमान निहित है?**

(a) यात्रा की सभी श्रेणियां यात्रियों को समान आराम प्रदान करती हैं।

(b) रेलगाड़ी से यात्रा सड़क से यात्रा से बेहतर है।

(c) एसी श्रेणी के डिब्बे शयनयान श्रेणी के डिब्बों की तुलना में यात्रियों को अतिरिक्त आराम प्रदान करते हैं।

(d) एसी श्रेणी के डिब्बे की टिकट उड़ान टिकटों से थोड़ी सस्ती होती हैं।

**उत्तर—(c)**

दिए गए प्रश्न यात्री की यात्रा आरामदायक थी, क्योंकि उसने एसी श्रेणी के डिब्बे में टिकट बुक किए थे, से स्पष्ट है कि, एसी श्रेणी के डिब्बे शयनयान श्रेणी के डिब्बों की तुलना में ज्यादा आरामदायक हैं। अतः विकल्प (c) सही उत्तर है।

**70. महेश को इस वर्ष अपने वेतन में सबसे अधिक वेतनवृद्धि प्राप्त हुई, क्योंकि उसने अपने विभाग में सबसे अच्छा प्रदर्शन किया था और अपने सभी लक्ष्यों को हासिल किया था। इस कथन से निम्नलिखित में से कौन-सा पूर्वानुमान निहित नहीं है?**

(a) उच्च वेतनवृद्धि के लिए कार्यस्थल पर उच्च प्रदर्शन की आवश्यकता होती है।

Adda247
GET IT ON Google Play

(b) तय किए गए लक्ष्य को हासिल करने का अर्थ कार्यस्थल पर उच्च प्रदर्शन होता है।

(c) महेश के अन्य सहयोगियों में से किसी ने भी अपने निर्धारित लक्ष्य को प्राप्त नहीं किया है।

(d) इस वर्ष महेश की तुलना में अन्य सहयोगियों की वेतनवृद्धि कम थी।

**उत्तर—(c)**

दिए गए प्रश्न के अनुसार यह स्पष्ट नहीं है कि, महेश के अन्य सहयोगियों में से किसी ने भी अपने निर्धारित लक्ष्य को प्राप्त नहीं किया तथा विकल्प (a), (b) तथा (d) दिए कथन के अनुसार सत्य हैं। अतः विकल्प (c) सही उत्तर है।

**71. एक व्यक्ति को अपनी शिक्षा पूरी करने और नौकरी में सेट होने के बाद 25 वर्ष की उम्र से शादी करनी चाहिए। इस कथन से निम्नलिखित में से कौन-सा पूर्वानुमान निहित है?**

(a) 25 वर्ष की उम्र में, एक व्यक्ति परिपक्व और वित्तीय रूप से स्थिर भी होता है।

(b) 25 वर्ष की उम्र से पहले अच्छी लड़कियों का मिलना मुश्किल होता है।

(c) लड़कियां उन लड़कों को स्वीकार नहीं करती हैं, जिनकी आयु 25 वर्ष से अधिक होती है।

(d) लड़कियां अशिक्षित और बेरोजगार लड़कों से शादी नहीं करती हैं।

**उत्तर—(a)**

दिए गए कथन - एक व्यक्ति को अपनी शिक्षा पूरी करने और नौकरी में सेट होने के बाद 25 वर्ष की उम्र में शादी करनी चाहिए, से स्पष्ट है कि 25 वर्ष की उम्र में, एक व्यक्ति परिपक्व और वित्तीय रूप से स्थिर भी होता है, पूर्वानुमान निहित है। अतः विकल्प (a) सही उत्तर है।

**72. 'माउस' जैसे 'क्लिक' से संबंधित है उसी रूप में 'की-बोर्ड' '..........' से संबंधित है।**

**दिए गए विकल्पों में सही अनुरूपता चुनें।**

(a) पॉइंट (b) स्क्रॉल

(c) टाइप (d) क्रिएट

**उत्तर—(c)**

जिस प्रकार, माउस को क्लिक करने पर संदेश इनपुट किया जाता है, उसी प्रकार की-बोर्ड के द्वारा संदेश इनपुट करने के लिए टाइप किया जाता है। अतः विकल्प (c) सही उत्तर है।


**73. एक निश्चित कूट भाषा में, यदि PLANE को RJCLG के रूप में कोड किया जाता है, तो TRAIN को कैसे कोड किया जाएगा?**

(a) USBKO (b) VTCJP

(c) VPCGP (d) VPCHP


**उत्तर—(c)**

जिस प्रकार




(वर्णमाला क्रम में)

उसी प्रकार




(वर्णमाला क्रम में)

**74. एक निश्चित कूट भाषा में, यदि BUILDING को 2.21.9.12.4.9.14.7 के रूप में कोड किया जाता है, तो SKYSCRAPER को कैसे कोड किया जाएगा?**

(a) 19.11.24.19.3.18.1.16.5.18.

(b) 19.11.25.19.3.17.1.16.5.18

(c) 19.11.25.19.3.1.8.1.16.5.18

(d) 19.11.25.19.3.18.1.16.5.18

**उत्तर—(d)**

| जिस प्रकार | उसी प्रकार |
|---|---|
| वर्णमाला क्रम में स्थान | वर्णमाला क्रम में स्थान |
| B → 2 | S → 19 |
| U → 21 | K → 11 |
| I → 9 | Y → 25 |
| L → 12 | S → 19 |
| D → 4 | C → 3 |
| I → 9 | R → 18 |
| N → 14 | A → 1 |
| G → 7 | P → 16 |
| | E → 5 |
| | R → 18 |

अतः विकल्प (d) सही उत्तर है।


**75. A, B का पति है। C, B का भाई है। D, B का पिता है। E, B का बेटा है। F, A की बेटी है। F और D के बीच क्या संबंध है?**

(a) पति - पत्नी

(b) भाई - बहन
(c) दादा - पोती (Grandfather-Granddaughter)
(d) दादा - पोता (Grandmother-Grandson)

**उत्तर—(c)**

प्रश्नानुसार





चित्र से स्पष्ट है कि F और D में नाना (Grandfather) - पोती (Granddaughter) का संबंध है।
∵ Grandfather का हिंदी में अर्थ, दादा, नाना दोनों होता है।
अतः विकल्प (c) सही उत्तर है।

**76. सुधाकर, सुधा का पति है। सुधाकर, सुमेधा के नाना हैं और सुधा, सोमेश की दादी है। राकेश और रितिका सुमेधा के माता-पिता हैं, जबकि सोमेश, रोमेश और रोमा का बेटा है। रोमेश और रितिका के बीच क्या संबंध है?**

(a) देवर-भाभी (Brother-in Law - Sister - in - Law)
(b) चचेरे भाई - बहन (Cousin Brother - Cousin Sister)
(c) चाचा - भतीजी (Uncle - Niece)
(d) भाई - बहन

**उत्तर—(d)**

प्रश्नानुसार





चित्र से स्पष्ट है कि रितिका, सुधाकर और सुधा की पुत्री है तथा रोमेश, सुधाकर और सुधा का पुत्र है। अतः रितिका और रोमेश के बीच 'भाई-बहन' का संबंध है।
अतः विकल्प (d) सही उत्तर है।

**77. रत्नाकर कहता है, "मैं रश्मी का भाई हूं, जो सदानंद और सुरेखा की पोती है।" रश्मी कहती है, "मैं रजनी की बेटी हूं, जो सुरेखा की बहू है।" रत्नाकर और सदानंद के बीच क्या संबंध है?**

(a) पिता - पुत्र
(b) दादा - पोता (Paternal Grandfather-Grandson)
(c) नाना - नवासा (Maternal Grandfather - Grandson)
(d) चाचा - भतीजा (Uncle - Nephew)

**उत्तर—(b)**

प्रश्नानुसार





चित्र से स्पष्ट है कि, सदानंद और रत्नाकर के बीच दादा-पोता का संबंध है।
अतः विकल्प (b) सही उत्तर है।

**78. यदि A & B का अर्थ है A, B का पति है, A # B का अर्थ है B, A का बेटा है, A @ B का अर्थ है B, A की बहन है और A % B का अर्थ है B, A का भाई है, तो निम्नलिखित में से कौन-सी अभिव्यक्ति अर्थ निश्चित रूप से यह है कि S, T का भाई है?**

(a) P & Q # R @ S % T
(b) Q & S # T @ R % P
(c) R @ S % T # Q & P
(d) Q & P # T % S @ R

**उत्तर—(d)**

विकल्प (d) से
Q & P → Q, P का पति है।
P # T → T, P का बेटा है।
T % S → S, T का भाई है।
S @ R → R, S की बहन है।




चित्र से स्पष्ट है कि S, T का भाई है। अतः विकल्प (d) सही उत्तर है।


Adda247

Adda247
GET IT ON Google Play

**79. दिए गए कथनों को पढ़ें।**
**कोई टैबलेट कंप्यूटर नहीं है। सभी कंप्यूटर मोबाइल हैं।**
**विकल्पों में दिए गए निष्कर्षों में से कौन-सा निष्कर्ष दिए गए कथनों का तार्किक रूप से अनुसरण करता है?**
(a) कोई टैबलेट मोबाइल नहीं है।
(b) कोई मोबाइल टैबलेट नहीं है।
(c) कुछ मोबाइल कंप्यूटर हैं।
(d) सभी मोबाइल कंप्यूटर हैं।

**उत्तर—(c)**


प्रश्नानुसार




निष्कर्ष (a) कोई टैबलेट मोबाइल नहीं है, यह निष्कर्ष असत्य है, क्योंकि कोई टैबलेट मोबाइल हो भी सकता है और नहीं भी।
निष्कर्ष (b) कोई मोबाइल टैबलेट नहीं है यह निष्कर्ष असत्य है, क्योंकि मोबाइल टैबलेट हो सकता है और नहीं भी।
निष्कर्ष (c) कुछ मोबाइल कंप्यूटर हैं, यह सत्य है।
निष्कर्ष (d) सभी मोबाइल कंप्यूटर हैं, यह असत्य है क्योंकि सभी कंप्यूटर मोबाइल हैं न कि सभी मोबाइल कंप्यूटर। अत: केवल निष्कर्ष (c) अनुसरण करता है।

**80. दिए गए कथनों को पढ़ें।**
**सभी जेबरा घोड़े हैं। सभी घोड़े गधे हैं।**
**निम्नलिखित निष्कर्षों में से कौन-सा निष्कर्ष दिए गए कथनों का तार्किक रूप से अनुसरण करता है।**
(A)सभी जेबरा गधे हैं।
(B) सभी गधे जेबरा हैं।
(C) कुछ गधे जेबरा हैं।
(D) कुछ घोड़े जेबरा हैं।
(a) निष्कर्ष (A), (B), (C) और (D) अनुसरण करते हैं।
(b) निष्कर्ष (A), (B) और (C) अनुसरण करते हैं।
(c) निष्कर्ष (A), (C) और (D) अनुसरण करते हैं।
(d) निष्कर्ष (B), (C) और (D) अनुसरण करते हैं।

**उत्तर—(c)**




निष्कर्ष (A) सभी जेबरा गधे हैं, चित्र से स्पष्ट है कि सभी जेबरा, गधे हैं। इसलिए निष्कर्ष (A) सत्य है।
निष्कर्ष (B) सभी गधे जेबरा हैं, चित्र से स्पष्ट है कि सभी जेबरा, गधे हैं न कि सभी गधे जेबरा अत: निष्कर्ष (B) गलत है।
निष्कर्ष (C) कुछ गधे जेबरा हैं, चित्र से स्पष्ट है कि कुछ गधे जेबरा हैं। इसलिए निष्कर्ष (C) सत्य है।
निष्कर्ष (D) कुछ घोड़े जेबरा हैं, चित्र से स्पष्ट है कि कुछ घोड़े जेबरा हैं। इसलिए निष्कर्ष (D)सत्य है।
अत: निष्कर्ष (A), (C) तथा (D) तीनों अनुसरण करते हैं। अत: विकल्प (c) सही उत्तर होगा।

**81. यदि अंग्रेजी वर्णमाला से सभी स्वर (वॉवेल) हटा दिए जाते हैं, तो वर्णमाला की नई श्रृंखला में 15वें स्थान पर क्या आएगा?**
(a) अक्षर O (b) अक्षर R
(c) अक्षर S (d) अक्षर T

**उत्तर—(c)**

सभी स्वर हटा दिए जाने के बाद अंग्रेजी वर्णमाला इस प्रकार होगी-

| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 | 9 | 10 | 11 | 12 | 13 | 14 | 15 | 16 | 17 | 18 | 19 | 20 | 21 |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| B | C | D | F | G | H | J | K | L | M | N | P | Q | R | S | T | V | W | X | Y | Z |

अत: नई श्रृंखला में 15वें स्थान पर अक्षर S आएगा।

**82. यदि अंग्रेजी वर्णमाला में अभाज्य संख्या के स्थान पर आने वाले सभी अक्षरों को हटा दिया जाता है, तो वर्णमाला की नई श्रृंखला में 11वें स्थान पर क्या आएगा?**
(a) अक्षर P (b) अक्षर R
(c) अक्षर S (d) अक्षर T

**उत्तर—(b)**

अंग्रेजी वर्णमाला में अभाज्य संख्या के स्थान पर आने वाले सभी अक्षरों का हटा देने पर बनी नई श्रृंखला -


| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 | 9 | 10 | 11 | 12 | 13 | 14 | 15 | 16 | 17 |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| A | D | F | H | I | J | L | N | O | P | R | T | U | V | X | Y | Z |

अत: नई श्रृंखला में 11वें स्थान पर अक्षर 'R' आएगा।

**83. अक्षरों और संख्याओं की निम्नलिखित श्रृंखला पर विचार कीजिए।**
**A1BC4GZY6LE8MPS2YT0WK9XUQ3DFH5NOV7IJR**
**दाएं से 31वें अक्षर के दाएं तरफ 17वें स्थान पर क्या आता है?**
(a) X (b) U
(c) Q (d) 3

**उत्तर—(b)**

दी गई श्रृंखला




दाएं से 31वें स्थान पर 'Z' अक्षर है तथा 'Z' के दाएं से 17वें स्थान पर 'U' अक्षर आएगा।

**84. एक निश्चित भाषा में यदि ANIMAL को OZNHMZ के रूप में कोड किया जाता है और INSECT को OHFRUB के रूप में कोड किया जाता है, तो शब्द ELEPHANT को किस रूप में कोड किया जाएगा?**

(a) DMDQGBMU


(b) MDQDEGUN

(c) MDODBGVM


(d) MDQDBGUM

**उत्तर—(d)**

जिस प्रकार




उसी प्रकार




अतः विकल्प (d) सही उत्तर है।

**85. उस शब्द-युग्म का चयन करें, जो निम्नलिखित श्रृंखला में अगला आएगा।**


**DW, GT, JQ, MN, PK, SH, ?**

(a) UE (b) UF

(c) VF (d) VE

**उत्तर—(d)**

दी गई श्रृंखला निम्न प्रकार है-




अतः विकल्प (d) सही उत्तर है।

**86. उस शब्द-युग्म का चयन करें, जो निम्नलिखित श्रृंखला में अगला आएगा।**


**AC, DG, HM, NU, VG, HU, ?**

(a) VK (b) VL

(c) VM (d) VN

**उत्तर—(c)**

दी गई श्रृंखला निम्न प्रकार बढ़ रही है-




अतः '?' के स्थान पर 'VM' आएगा।

अतः विकल्प (c) सही उत्तर है।

UPSSSC ने इस प्रश्न को 'अमान्य प्रश्न' (Invalid Question) स्वीकार किया है।

**87. निम्नलिखित श्रृंखला में से अनुपस्थित पद का चयन करें।**


**D32, W34, ?, L33, H30, E32, C29, B31**

(a) O31 (b) P33


(c) Q31 (d) R32

**उत्तर—(c)**

दी गई श्रृंखला निम्न प्रकार है-




तथा




अतः '?' के स्थान पर Q31 आएगा।

अतः विकल्प (c) सही उत्तर है।

**88. निम्नलिखित श्रृंखला में से अनुपस्थित पद का चयन करें।**

**W4C3, U6E5, S8G7, Q10I9, O12K11, ?, K16O15, I18Q17**

(a) M13M14

(b) M13N14


(c) N14M13

(d) M14M13

**उत्तर—(d)**

Adda247
GET IT ON Google Play

दी गई शृंखला को निम्न प्रकार लिखने पर -




अत: ? के स्थान पर 'M14M13' आएगा।

अत: विकल्प (d) सही उत्तर है।

**89. अक्षरों और संख्याओं की निम्नलिखित शृंखला में संख्याओं की गिनती और स्वरों की गिनती के बीच क्या अंतर है?**

A1BC4GZY6LE8MPS2YT0WK9XUQ3DFH5NOV7IJR

(a) 4 (b) 5

(c) 6 (d) 7

**उत्तर—(b)**

A 1 B C 4 G Z Y 6 L E 8 M P S 2 Y T 0 W K 9 Y U Q 3 D F H 5 N O V 7 I J R

दी गई शृंखला में स्वरों और संख्याओं की गिनती लिखने पर

स्वर = 5

संख्या = 10

अत: संख्या – स्वर = 10 – 5 ⇒ 5

अत: विकल्प (b) सही उत्तर है।

**90. यदि हम '+' को '÷' से और '–' को '×' से प्रतिस्थापित कर दें, तो निम्नलिखित समीकरण का क्या मान होगा?**

**32 + 4 ÷ 3 × 2 – 5**

(a) 0 (b) 1

(c) 19 (d) 31

**उत्तर—(b)**

दिया गया समी. -

$32 + 4 \div 3 \times 2 - 5$

यदि '+' को '÷' से और '–' को '×' से प्रतिस्थापित करने पर-

$32 \div 4 + 3 - 2 \times 5$

$\Rightarrow 8 + 3 - 10$

$\Rightarrow 11 - 10$

$\Rightarrow 1$

अत: विकल्प (b) सही उत्तर है।

**91. दिए गए प्रश्न को पढ़ें और निर्णय लें कि प्रश्न का उत्तर देने के लिए निम्नलिखित समीकरणों में से कौन-सा/ से समीकरण पर्याप्त / आवश्यक है/हैं?**

**प्रश्न :**

**यदि $x$ और y दोनों धनात्मक पूर्णांक हैं, तो $x$ का मान क्या है?**

**समीकरण :**

**1) $x + 2y = 14$**

**2) $x - y = 2$**

(a) $x$ का मान प्राप्त करने के लिए केवल समीकरण 1 पर्याप्त है।

(b) $x$ का मान प्राप्त करने के लिए केवल समीकरण 2 पर्याप्त है।

(c) $x$ का मान प्राप्त करने के लिए न तो समीकरण 1 और न ही समीकरण 2 अकेले पर्याप्त है, परंतु दोनों एक साथ आवश्यक हैं।

(d) कोई भी एक समीकरण या दोनों समीकरण संयुक्त रूप से $x$ का मान प्राप्त करने के लिए पर्याप्त नहीं हैं।

**उत्तर—(c)**

दिया गया समीकरण

$x + 2y = 14$ ..............(i)

$x - y = 2$ ..............(ii)

समी. (i) से समी. (ii) को घटाने पर

$$\begin{array}{r} x + 2y = 14 \\ -x + y = -2 \\ \hline 3y = 12 \\ y = 4 \end{array}$$

तथा $x = 6$

अत: $x$ तथा y का मान निकालने के लिए दोनों समीकरणों की आवश्यकता है।

अत: विकल्प (c) सही उत्तर है।

**92. दिए गए प्रश्न को पढ़ें और निर्णय लें कि प्रश्न का उत्तर देने के लिए निम्नलिखित विकल्पों में से किस विकल्प की अतिरिक्त रूप से आवश्यकता है?**

**प्रश्न :**

**सुधाकर, रमेश से लंबा है और राजेश, सुधाकर से छोटा है। उनमें से सबसे छोटा कौन है?**

(a) रमेश सबसे लंबा व्यक्ति नहीं है।

(b) सुधाकर सबसे छोटा व्यक्ति नहीं है।

(c) राजेश सबसे लंबा व्यक्ति नहीं है।

(d) राजेश सबसे छोटा व्यक्ति नहीं है।

**उत्तर—(d)**

Adda247 GET IT ON Google Play

प्रश्नानुसार
सुधाकर > रमेश ....... (i)
सुधाकर > राजेश ....... (ii)
यदि राजेश सबसे छोटा व्यक्ति नहीं है, तब
सुधाकर > राजेश > रमेश
अत: रमेश सबसे छोटा व्यक्ति है।
अत: प्रश्न का उत्तर देने के लिए विकल्प (d), राजेश सबसे छोटा व्यक्ति नहीं है, की आवश्यकता है।
अत: विकल्प (d) सही उत्तर है।

**93. दिए गए प्रश्न को पढ़ें और निर्णय लें कि प्रश्न का उत्तर देने के लिए निम्नलिखित विकल्पों में से किस विकल्प की अतिरिक्त रूप से आवश्यकता है।**


**प्रश्न :**

**2 लड़के, अल्पेश और ध्रुवित और 2 लड़कियां, सगुना और वंदना का एक समूह, एक गोल मेज के चारों ओर बैठा है, सभी का मुंह अंदर की ओर है और उनके बीच बराबर दूरी है। अल्पेश, ध्रुवित और सगुना के बीच बैठा है। वंदना के तत्काल बाईं ओर कौन बैठा है?**

(a) वंदना, अल्पेश के सामने बैठी है।
(b) ध्रुवित, सगुना के सामने बैठा है।
(c) ध्रुवित, अल्पेश के तुरंत दाएं बैठा है।
(d) ध्रुवित और सगुना एक-दूसरे के साथ नहीं बैठे हैं।

**उत्तर—(c)**

प्रश्नानुसार बैठाने पर -




यदि अल्पेश के तुरंत दाएं ध्रुवित बैठा है, तब यह बैठक पूर्ण हो जाती है। इसलिए वंदना के ठीक बाएं ध्रुवित बैठा है।
अत: प्रश्न का उत्तर देने के लिए ध्रुवित, अल्पेश के ठीक दाएं बैठा है, की आवश्यकता है।
अत: विकल्प (c) सही उत्तर है।

**94. दिए गए प्रश्न को पढ़ें और निर्णय लें कि प्रश्न का उत्तर देने के लिए निम्नलिखित विकल्पों में से किस विकल्प की अतिरिक्त रूप से आवश्यकता है।**


**प्रश्न :**

**A, B पति हैं और C, A का पुत्र है। D और E, F के बच्चे हैं, जो A और B की बहू है। C और F के बीच क्या संबंध है?**

(a) C की दो बहनें हैं, एक उससे बड़ी है और दूसरी उससे छोटी है।
(b) C अपने माता-पिता का इकलौता पुत्र है।
(c) D, E का भाई है।
(d) E, D की बहन है।

**उत्तर—(b)**

प्रश्नानुसार




यदि 'C' अपने माता-पिता का इकलौता पुत्र है, तब प्रश्न का उत्तर दिया जा सकता है।
C और F के बीच में पति-पत्नी का संबंध है।
अत: विकल्प (b) 'C' अपने माता-पिता का इकलौता पुत्र है, की अतिरिक्त आवश्यकता है प्रश्न का उत्तर देने के लिए।
अत: विकल्प (b) सही उत्तर है।

**95. दिए गए प्रश्न को पढ़ें और निर्णय लें कि प्रश्न का उत्तर देने के लिए निम्नलिखित विकल्पों में से किस विकल्प की अतिरिक्त रूप से आवश्यकता है।**


**प्रश्न :**

**A और B, C और D के बच्चे हैं। A एक लड़का है और उसकी दो बहनें हैं, जबकि B के तीन भाई हैं। C और D के कितने बच्चे हैं?**

(a) E, A की बहन है।
(b) B, E की बहन है, जो कि C की बेटी है।
(c) F और G, A के भाई हैं।
(d) C, D का पति है।

**उत्तर—(b)**

प्रश्नानुसार




C और D के बच्चे A और B हैं। A की दो बहनें हैं तथा A लड़का

Adda247
GET IT ON Google Play

है। B के तीन भाई हैं। यदि B, E की बहन है, जो कि C की पुत्री है, तब प्रश्न का उत्तर दिया जा सकता है।
अतः C और D के कुल पांच बच्चे हैं।
अतः प्रश्न का उत्तर देने के लिए अतिरिक्त रूप से विकल्प (b) की आवश्यकता है।

**96. दिए गए प्रश्न को पढ़ें और निर्णय लें कि प्रश्न का उत्तर देने के लिए निम्नलिखित विकल्पों में से किस विकल्प की अतिरिक्त रूप से आवश्यकता है।**

**प्रश्न :**

**छात्रों का एक समूह सीधी पंक्ति में बैठा है और एक कॉन्सर्ट देख रहा है। दिनेश बाईं तरफ से पांचवीं सीट पर बैठा है। निमेश बाईं ओर से नौवीं सीट पर बैठा है। पंक्ति में बैठे छात्रों की कुल संख्या कितनी है।**

(a) दिनेश और निमेश के बीच चार छात्र हैं।
(b) राजेश बाईं ओर से छठीं सीट पर बैठा है और दिनेश के तुरंत दाएं है।
(c) सतीश बाईं ओर से आठवीं सीट पर बैठा है और निमेश के तुरंत बाएं है।
(d) प्रीतेश दाईं ओर से सातवीं सीट पर बैठा है और उसके और दिनेश के बीच एक छात्र है।

**उत्तर—(d)**

प्रश्नानुसार
दिनेश बाईं तरफ से पांचवीं सीट पर बैठा है तथा निमेश बाईं ओर से नौवीं सीट पर बैठा है।




यदि प्रीतेश दाईं ओर से सातवीं सीट पर बैठा है और उसके और दिनेश के बीच में एक छात्र है; तब प्रश्न का उत्तर दिया जा सकता है।
अतः पंक्ति में कुल बैठे छात्रों की संख्या = 9
∴ प्रश्न का उत्तर देने के लिए अतिरिक्त रूप से विकल्प (d) की आवश्यकता है।

**97. दिए गए प्रश्न को पढ़ें और निर्णय लें कि प्रश्न का उत्तर देने के लिए निम्नलिखित विकल्पों में से किस विकल्प की अतिरिक्त रूप से आवश्यकता है।**


**प्रश्न :**

**एक कक्षा में सभी छात्रों ने परीक्षा उत्तीर्ण की है और प्रत्येक को एक अद्वितीय श्रेणी प्राप्त हुई है। दीपक ने 10वीं रैंक हासिल किया और उसके आगे 4 लड़कियां और उसके पीछे 10 लड़के थे। कक्षा में छात्रों की कुल संख्या कितनी है?**

(a) दीपक के आगे 5 लड़के थे।
(b) कक्षा में कुल 16 लड़के हैं।
(c) कक्षा में लड़कियों की कुल संख्या, कक्षा में लड़कों की कुल संख्या से कम थी।
(d) लड़कों की कुल संख्या लड़कियों की कुल संख्या से 4 अधिक है।

**उत्तर—(d)**

प्रश्नानुसार
दीपक ने 10वीं रैंक प्राप्त किया और उसके आगे 4 लड़कियां तथा 10 लड़के थे।
यदि लड़कों की कुल संख्या लड़कियों की कुल संख्या से 4 अधिक हो, तब प्रश्न का उत्तर दिया जा सकता है।




अतः कक्षा में कुल छात्रों की संख्या = 20
अतः प्रश्न का उत्तर देने के लिए अतिरिक्त रूप से विकल्प (d) की आवश्यकता है।

**98. दिए गए प्रश्न को पढ़ें और निर्णय लें कि प्रश्न का उत्तर देने के लिए निम्नलिखित विकल्पों में से किस विकल्प की अतिरिक्त रूप से आवश्यकता है।**

**प्रश्न :**

**दीपक, दीपांकर और दीपिका प्रवेश पंक्ति में खड़े हैं। दीपिका 16वें स्थान पर खड़ी है और पंक्ति में अंतिम है। दीपक और दीपांकर के बीच 4 अन्य छात्र हैं। दीपांकर और दीपिका के बीच 9 छात्र हैं। पंक्ति में दीपक किस स्थान पर खड़ा है?**

(a) पंक्ति में कुल 16 छात्र खड़े हैं।
(b) दीपांकर, दीपक से कुछ स्थान पीछे खड़ा है।
(c) दीपक, दीपिका से आगे खड़ा है।
(d) दीपांकर, दीपिका से आगे खड़ा है।


**उत्तर—(b)**

प्रश्नानुसार
दीपिका 16वें स्थान पर पंक्ति के अंतिम छोर पर खड़ी है। दीपांकर और दीपिका के बीच 9 छात्र हैं। दीपक और दीपांकर के बीच 4 छात्र हैं।
यदि दीपांकर, दीपक से कुछ स्थान पीछे खड़ा है, तब प्रश्न का

Adda247
GET IT ON Google Play

उत्तर दिया जा सकता है।

अतः दीपक पहले स्थान पर खड़ा है।




अतः प्रश्न का उत्तर देने के लिए विकल्प (b) की अतिरिक्त रूप से आवश्यकता है।

**99. दिए गए प्रश्न को पढ़ें और निर्णय लें कि प्रश्न का उत्तर देने के लिए निम्नलिखित विकल्पों में से किस विकल्प की अतिरिक्त रूप से आवश्यकता है।**

**प्रश्न :**

**एक आदमी के पास रु. 10, रु. 20 और रु. 50 के मूल्य के कुछ नोट हैं। रु. 10 के नोटों की संख्या रु. 20 के नोटों की संख्या से 20 अधिक है और रु. 50 के नोटों की संख्या से 50 अधिक है। व्यक्ति के पास कुल कितनी राशि है?**

(a) रु. 20 के नोट की संख्या रु. 50 के नोट से 30 अधिक है।

(b) रु. 50 के नोट की संख्या रु. 20 के नोट से 30 कम है।

(c) रु. 10 के नोट की संख्या सबसे अधिक है और रु. 50 के नोट की संख्या सबसे कम है।

(d) सभी मूल्य के नोट की कुल संख्या 200 है।

**उत्तर—(d)**

माना 10 रु. के नोटों की संख्या $= x$

$\therefore$ प्रश्नानुसार

20 रु. के नोट की संख्या $= x - 20$

तथा 50 रु. के नोट की संख्या $= x - 50$

यदि सभी मूल्य के नोट की कुल संख्या 200 है, तब प्रश्न का उत्तर दिया जा सकता है।

$\therefore x + x - 20 + x - 50 = 200$

या $3x = 270$

$x = 90$

$\therefore$ 10 रु. के नोट की संख्या $= 90$

20 रु. के नोट की संख्या $= 70$

50 रु. के नोट की संख्या $= 40$

$\therefore$ व्यक्ति के पास कुल राशि $= 10 \times 90 + 20 \times 70 + 50 \times 40$

$= 900 + 1400 + 2000$

$= 4300$ रु.

अतः प्रश्न का उत्तर देने के लिए विकल्प (d) की अतिरिक्त रूप से आवश्यकता है।

**100. दिए गए प्रश्न को पढ़ें और निर्णय लें कि प्रश्न का उत्तर देने के लिए निम्नलिखित विकल्पों में से किस विकल्प की अतिरिक्त रूप से आवश्यकता है।**

**प्रश्न :**

**तीन व्यक्तियों A, B और C की आयु 5 : 4 : 3 के अनुपात में है। A सबसे बड़ा व्यक्ति है, जबकि C सबसे छोटा व्यक्ति है। C की आयु क्या है?**

(a) A और B की आयु में अंतर B और C की आयु के अंतर के बराबर है।

(b) तीनों व्यक्तियों की कुल आयु का मान 100 वर्ष से कम है।

(c) A, C से 16 वर्ष बड़ा है।

(d) B की आयु सभी तीनों व्यक्तियों की औसत आयु के बराबर है।

**उत्तर—(c)**

माना A, B और C की आयु क्रमशः $5x$, $4x$ तथा $3x$ है। यदि A, C से 16 वर्ष बड़ा है, तब प्रश्न का उत्तर दिया जा सकता है।

$\therefore 5x - 3x = 16$

$2x = 16$

$x = 8$

$\therefore$ A की आयु $= 5 \times 8 = 40$ वर्ष

B की आयु $= 4 \times 8 = 32$ वर्ष

तथा

C की आयु $= 3 \times 8 = 24$ वर्ष

अतः C की आयु 24 वर्ष है।

$\therefore$ प्रश्न का उत्तर देने के लिए विकल्प (c) की अतिरिक्त रूप से आवश्यकता है।

## सामान्य जानकारी

**101. कंप्यूटर में पिंग कमांड का क्या उपयोग है?**

(a) बिजली की आपूर्ति की जांच करने के लिए

(b) किसी निर्दिष्ट गंतव्य कंप्यूटर तक पहुंचने के लिए स्रोत कंप्यूटर की क्षमता का परीक्षण करने के लिए

(c) कंप्यूटर हार्डवेयर में किसी प्रकार की गलती का परीक्षण करने के लिए

(d) नेटवर्क से संबंधित समस्याओं की जांच करने के लिए

**उत्तर—(b)**

किसी निर्दिष्ट गंतव्य कंप्यूटर तक पहुंचने के लिए स्रोत कंप्यूटर की क्षमता का परीक्षण करने के लिए पिंग कमांड का उपयोग किया जाता है। UPSSSC ने इस प्रश्न को 'अमान्य प्रश्न' (Invalid Question) स्वीकार किया है।

Adda247 GET IT ON Google Play

**102. इनमें से किस इनपुट डिवाइस का उपयोग व्यापक रूप से योग्यता परीक्षण जैसे परीक्षणों में किया जाता है?**

(a) बारकोड रीडर

(b) ऑप्टिकल मार्क पहचान

(c) मैग्नेटिक इंक कैरेक्टर पहचान

(d) टचपैड

**उत्तर—(b)**

ऑप्टिकल मार्क पहचान (Optical Mark Recognition - OMR) इनपुट डिवाइस का उपयोग व्यापक रूप से योग्यता परीक्षण जैसे - प्रतियोगी परीक्षाओं में किया जाता है। यह एक ऐसा इनपुट साधन है, जिसके उपयोग से किसी कागज पर बनाए गए चिह्नों को पहचाना जाता है।
UPSSSC ने इस प्रश्न को 'अमान्य प्रश्न' (Invalid Question) स्वीकार किया है।

**103. प्रिंट के दौरान गैर-प्रभाव वाले प्रिंटर, पेपर को स्पर्श नहीं करते हैं। वे कागज पर प्रतीकों को छापने के लिए रासायनिक गर्मी या विद्युत संकेतों का उपयोग करते हैं। इनमें से कौन-सा गैर-प्रभाव प्रिंटर नहीं है?**

(a) डॉट मैट्रिक्स (b) थर्मल

(c) डेस्कजेट (d) लेजर

**उत्तर—(a)**

परिणामों अथवा चित्रों को स्थायी दस्तावेज के रूप में प्राप्त करने के लिए प्रिंटर का प्रयोग किया जाता है। गैर-प्रभाव वाले प्रिंटर, प्रिंट के दौरान पेपर को स्पर्श नहीं करते अपितु वे कागज पर प्रतीकों को छापने के लिए रासायनिक, गर्मी या विद्युत संकेतों का प्रयोग करते हैं। डॉट मैट्रिक्स गैर-प्रभाव प्रिंटर नहीं है, क्योंकि ये प्रिंट के दौरान कागज को स्पर्श करता है जैसे - रेलवे में निकलने वाले यात्रा टिकट इत्यादि।

**104. निम्न में से कौन-सा उपकरण किसी छवि को डिजिटलीकृत करके, टेलीफोन लाइन पर चित्र और टेक्स्ट भेज या प्राप्त कर सकता है?**

(a) प्लॉटर (b) फैक्स मशीन

(c) साउंड कार्ड (d) मॉनीटर

**उत्तर—(b)**

फैक्स मशीन एक ऐसा उपकरण है, जो किसी भी छवि (चित्र) को डिजिटलीकृत करके टेलीफोन लाइन पर चित्र और टेक्स्ट (संदेश) भेज या प्राप्त कर सकता है।

**105. इनमें से क्या उत्तर प्रदेश में नहीं है?**

(a) विश्वनाथ मंदिर (b) अस्सी घाट

(c) आगरा किला (d) विक्टोरिया मेमोरियल

**उत्तर—(d)**

विक्टोरिया मेमोरियल कोलकाता में अवस्थित है। अस्सी घाट, विश्वनाथ मंदिर उत्तर प्रदेश के वाराणसी में, जबकि आगरा किला उ.प्र. के आगरा जिले में स्थित है।

**106. इनमें से कौन-सा स्थान धातु की कला, रंगीन तामचीनी और जटिल नक्काशी के लिए प्रसिद्ध है?**

(a) उत्तर प्रदेश में लखनऊ

(b) उत्तर प्रदेश में वाराणसी

(c) उत्तर प्रदेश में मुरादाबाद

(d) उत्तर प्रदेश में खुर्जा

**उत्तर—(c)**

उत्तर प्रदेश में स्थित मुरादाबाद जिला धातु कला (विशेषकर धातु निर्मित मूर्तियां), रंगीन तामचीनी और जटिल नक्काशी के लिए प्रसिद्ध है। लखनऊ, जरी और चिकन कुर्ते के लिए, खुर्जा चीनी मिट्टी के बर्तन के लिए तथा वाराणसी डीजल इंजन कारखाने, गलीचा निर्माण के लिए प्रसिद्ध है।

**107. जनगणना 2011 के अनुसार, उत्तर प्रदेश की आबादी क्या थी?**

(a) लगभग 200 मिलियन (b) लगभग 400 मिलियन

(c) लगभग 100 मिलियन (d) लगभग 2.5 मिलियन

**उत्तर—(a)**

15वीं जनगणना 2011 के अनुसार, उत्तर प्रदेश की कुल जनसंख्या लगभग 200 मिलियन थी। संख्या की दृष्टि से देखें, तो कुल जनसंख्या 199,812,321 थी, जो कुल जनसंख्या के 16.5 भाग का प्रतिनिधित्व करती है। 15वीं जनगणना 2011 का ध्येयवाक्य (Motto) ''हमारी जनसंख्या, हमारा भविष्य'' था।

**108. निम्नलिखित पंक्तियों में उत्तर प्रदेश के किस लोक नृत्य के बारे में बात की जा रही है?**
**यह संतुलन का एक कठिन कार्य है, जहां पर्दे में एक महिला नर्तक लकड़ी के पिरामिड मंच पर 108 तेल के लैंप को अपने सिर पर रखकर प्रदर्शन करती है। गीत मुख्य रूप से इस क्षेत्र में पैदा हुए भगवान कृष्ण की प्रशंसा और सम्मान के लिए लिखे गए हैं।**

(a) चरकुला नृत्य (b) ख्याल नृत्य

(c) रासलीला नृत्य (d) रामलीला नृत्य

**उत्तर—(a)**

चरकुला नृत्य उत्तर प्रदेश के मथुरा जिले (ब्रजक्षेत्र) का विशेष नृत्य उत्सव है, जिसमें स्त्री और पुरुष (स्त्री रूप धारण करके)

Adda247 GET IT ON Google Play

सिर पर मिट्टी के सात घड़े तथा उस पर 108 तेल के लैंप (दीपक) रखकर प्रदर्शन (नृत्य) करते हैं। यह संतुलन का एक कठिन कार्य है। चरकुला नृत्य व गीत भगवान श्रीकृष्ण की प्रशंसा और सम्मान के लिए लिखे गए हैं।

**109. इनमें से कौन-सी मुख्य एजेंसियों में से एक नहीं है, जो उत्तर प्रदेश में भारी मात्रा में अनाज भंडारण में शामिल हैं?**

(a) एफसीआई (FCI) (b) एफडीआई (FDI)

(c) एसडब्ल्यूसी SWC (d) सीडब्ल्यूसी (CWC)

**उत्तर–(b)**

एफसीआई (FCI - Food Corporation of India), एसडब्ल्यूसी (SWC - State Warehousing Corporation) व सीडब्ल्यूसी (CWC - Central Warehousing Corporation) मुख्य एजेंसियां हैं, जो उत्तर प्रदेश में भारी मात्रा में अनाज भंडारण में शामिल हैं। एफडीआई (FDI- Foreign Direct Investment) किसी एक देश की कंपनी का दूसरे देश में किया गया निवेश प्रत्यक्ष विदेशी निवेश (एफडीआई) कहलाता है। प्रत्यक्ष विदेशी निवेश मुख्यत: दो प्रकार के होते हैं -

1. ग्रीन फील्ड निवेश
2. पोर्टफोलियो निवेश

**110. निम्नलिखित में से कौन-सा विकल्प उत्तर प्रदेश की महत्वपूर्ण अनाज फसलों के नाम का उल्लेख करता है?**

(a) चावल, गेहूं, जमीन, अखरोट, जौ और मक्का

(b) चावल, गेहूं, बाजरा, जौ और मक्का

(c) चावल, गेहूं, बाजरा, जौ और ज्वारी

(d) चावल, गेहूं, बाजरा, बाजरा और मक्का

**उत्तर–(b)**

उत्तर प्रदेश की महत्वपूर्ण फसल युग्म है-
चावल, गेहूं, बाजरा, जौ, मक्का
खाद्यान्न उत्पादन की दृष्टि से उ.प्र. देश में प्रथम स्थान पर है। गेहूं गन्ना तथा आलू उत्पादन में उ.प्र. प्रथम स्थान पर है। जनगणना 2011 के अंतिम आंकड़ों के अनुसार, उ.प्र. राज्य के कुल कर्मकारों में कृषि कर्मकारों का योगदान 59.3 प्रतिशत है। प्रयोगशाला से खेतों तक कार्यक्रम का शुभारंभ उ.प्र. राज्य द्वारा किया गया है।

**111. कृषि आर्थिक अनुसंधान केंद्र रिपोर्ट, 2014-15 के अनुसार, उत्तर प्रदेश के बारे में कौन-सा सच नहीं है?**

(a) यूपी में 28 कृषि विज्ञान केंद्र (केवीके) हैं।

(b) उत्तर प्रदेश में 5 भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद (आईसीएआर) संस्थान हैं।

(c) यू.पी. में 4 राज्य कृषि विश्वविद्यालय (एसएयू) हैं।

(d) यूपी में 4 राष्ट्रीय शोध केंद्र (एनआरसी) हैं।

**उत्तर–(b)**

कृषि आर्थिक अनुसंधान रिपोर्ट, 2014-15 के अनुसार, उत्तर प्रदेश में 28 कृषि विज्ञान केंद्र (KVK), 10 भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद (ICAR), 4 राज्य कृषि विश्वविद्यालय (SAU), 4 राष्ट्रीय शोध केंद्र (NRC) हैं।

**112. ललित कला अकादमी, उत्तर प्रदेश, कलाकारों को छात्रवृत्ति से पुरस्कृत करता है। इनमें से कौन-सा विषय/क्षेत्र नहीं है, जिनमें इन छात्रवृत्तियों को दिया जाता है?**

(a) मूर्ति (b) सिरेमिक

(c) कला इतिहास (d) फैशन डिजाइनिंग

**उत्तर–(d)**

ललित कला अकादमी भारतीय मूर्तिकला, सिरेमिक व कला इतिहास के क्षेत्र में छात्रवृत्ति प्रदान करती है। राज्य ललित कला अकादमी की स्थापना फरवरी, 1962 में हुई थी तथा डॉ. संपूर्णानंद इसके प्रथम अध्यक्ष थे।

**113. उत्तर प्रदेश में नहरों के माध्यम से सतह के पानी की बेहतर आपूर्ति प्रदान करने के लिए इनमें से कौन-सा प्रमुख सिंचाई और बहुउद्देशीय परियोजनाओं में से एक नहीं है?**

(a) वर्षा जनक (b) शारदा सहायक

(c) रामगंगा (d) गंडक परियोजना

**उत्तर–(a)**

गंडक परियोजना का संबंध उत्तर प्रदेश, बिहार और नेपाल से है। शारदा सहायक व रामगंगा सिंचाई की एक बहुउद्देशीय परियोजना है, जिससे उ.प्र. लाभान्वित होता है। वर्षा जनक का उल्लेख उ.प्र. के संदर्भ में प्राप्त नहीं होता है।

**114. चंद्रगुप्त मौर्य के इस प्रसिद्ध राजनीतिक सलाहकार को निम्नलिखित सभी नामों से जाना जाता था, इसके अलावा-**

(a) चाणक्य (b) विष्णुगुप्त

(c) कौटिल्य (d) समुद्रगुप्त

**उत्तर–(d)**

कौटिल्य अथवा चाणक्य अथवा विष्णुगुप्त एक राजनीतिज्ञ व चंद्रगुप्त मौर्य के महामंत्री के रूप में प्रसिद्ध थे। इनका व्यक्तिवाचक नाम विष्णुगुप्त, स्थानीय नाम चाणक्य (चाणक्यवासी) तथा गोत्र नाम कौटिल्य (कुटिलये) था। इन्होंने चंद्रगुप्त मौर्य के साथ मिलकर मौर्य साम्राज्य की नींव डाली।

Adda247 GET IT ON Google Play

**115. पाली में बौद्ध ग्रंथों को आमतौर पर त्रिपिटक यानी 'थ्रीफोल्ड बॉस्केट' कहा जाता है। इनमें से कौन-सा त्रिपिटकों में से नहीं है?**

(a) अभिधम्म पिटक (b) सुत्त पिटक
(c) उपसाका पिटक (d) विनय पिटक

**उत्तर—(c)**

पाली में बौद्ध ग्रंथों को आमतौर पर त्रिपिटक या 'थ्रीफोल्ड बॉस्केट' कहा जाता है, जिसमें शामिल हैं-
- सुत्तपिटक
-विनय पिटक
- अभिधम्म पिटक
त्रिपिटक बौद्ध धर्म के मुख्य ग्रंथ हैं और इन्हीं तीन खंडों में भगवान बुद्ध के उपदेश संकलित है। इनकी मुख्य भाषा पाली है।

**116. ग्यारहवां या आखिरी सिख गुरु कौन था?**

(a) गुरु अंगद (b) गुरु तेग बहादुर
(c) गुरु नानक (d) गुरु गोबिंद सिंह

**उत्तर—(d)**

गुरु गोविंद सिंह आखिरी सिख गुरु थे व गुरु नानक सिक्खों के प्रथम गुरु थे। गुरु गोविंद सिंह का जन्म 5 जनवरी, 1666 को पटना में हुआ था। गुरु गोविंद सिंह सिक्खों के सैनिक संगति व खालसा पंथ के संस्थापक के रूप में जाने जाते हैं।

**117. दी गई जानकारी से राजवंश की पहचान करें :**
*** पुष्यमित्र ने इस वंश की स्थापना की। उनके प्रभुत्व दक्षिण में नर्मदा नदी तक फैले थे और पाटलिपुत्र, अयोध्या और विदिशा के शहर शामिल थे। उन्होंने दो अश्वमेध बलिदान किए। उन्होंने बैक्ट्रियन राजा, डेमेट्रियस को भी हराया।**
*** राजवंश का पांचवां राजा भागभद्र था।**
*** पतंजलि के गौरव ग्रंथ 'महाभाष्य' इस समय के दौरान लिखे गए थे।**

(a) कण्व राजवंश (b) दास राजवंश
(c) चोल राजवंश (d) शुंग राजवंश

**उत्तर—(d)**

मौर्य वंश के अंतिम शासक वृहद्रथ को उसके ब्राह्मण सेनापति पुष्यमित्र ने मारकर मगध में शुंग वंश की स्थापना की। शुंगवंश का अंतिम सम्राट देवभूति था। शुंग वंश के समय में ही भागवत धर्म की विशेष उत्पत्ति हुई।

**118. हर्षवर्धन ने '5 इंडीज' को अपने नियंत्रण में लिया। इनमें से कौन-सा '5 इंडीज' था?**

(a) पंजाब, कन्नौज, बंगाल, बिहार और जयपुर
(b) पंजाब, कन्नौज, बंगाल, बिहार और उड़ीसा
(c) पंजाब, कन्नौज, बंगाल, उत्तर प्रदेश और उड़ीसा
(d) राजस्थान, कन्नौज, बंगाल, बिहार और उड़ीसा

**उत्तर—(b)**

शासक हर्षवर्धन ने 5 इंडीज को अपने नियंत्रण में लिया, जिसमें सम्मिलित हैं-
पंजाब, कन्नौज, बंगाल, बिहार और उड़ीसा
हर्षवर्धन को बादामी के चालुक्यवंशी शासक पुलकेशिन द्वितीय से पराजित होना पड़ा। हर्षवर्धन ने अपने साम्राज्य का विस्तार जालंधर, कश्मीर, नेपाल और बल्लभीपुर तक कर लिया था।

**119. अकबर के नवरत्न के बारे में इनमें से कौन-सा सही ढंग से मेल नहीं खाता है?**

(a) अबुल फजल - वह अकबर के वजीर थे और अकबर के शासनकाल में 'अकबरनामा' के लेखक थे।
(b) राजा मानसिंह - वह अकबर के वित्त मंत्री थे।
(c) अब्दुल रहीम खान - ई - खाना - वह एक कवि थे और अकबर के भरोसेमंद देखभाल करने वाले बेटे बैरम खान के पुत्र थे।
(d) मुल्ला दो पियाजा - वह मुगल सम्राट अकबर के मुख्य सलाहकारों में से एक थे।

**उत्तर—(b)**

अकबर के राजदरबार के नवरत्नों में एक राजा मानसिंह अकबर के सेनापति थे न कि वित्त मंत्री। अन्य विकल्प सही सुमेलित हैं। राजा मानसिंह जयपुर राजघराना के कछवाह वंश के शासक थे।

**120. इनमें से कौन-सा टेक्टोनिक प्लेट के मूवमेंट या शिफ्ट के कारण होता है, जहां ये टेक्टोनिक प्लेट मिलते हैं?**

(a) चक्रवात (b) बाढ़
(c) भूस्खलन (d) भूकंप

**उत्तर—(d)**

भूकंप के आने का मूलभूत कारण टेक्टोनिक प्लेटों का संचलन है। ये भौगोलिक परिघटना सर्वाधिक उस स्थान पर घटित होती है, जहां ये टेक्टोनिक प्लेट आपस में मिलते हैं। भारतीय उपमहाद्वीप का उत्तर-पश्चिम प्रदेश भूकंप ग्रहणशील हैं, जिसका प्रमुख कारण प्लेटों के सीमांत पर इसकी अवस्थिति है।

**121. दुनिया को समय क्षेत्रों में बांटा गया है। समय क्षेत्र की कुल संख्या क्या है?**

(a) 12 (b) 24
(c) 48 (d) 6

**उत्तर—(b)**

पूरी दुनिया को कुल 24 समय क्षेत्रों में बांटा गया है। भारत में केवल एक समय क्षेत्र है। वर्तमान में सर्वाधिक समय क्षेत्र (Time Zone) फ्रांस के पास (कुल -12) हैं।

**122. भारत का मानक समय मेरिडियन कौन-सा है?**

(a) 82°30' E देशांतर (b) 37°6' N अक्षांश
(c) 68°7' E देशांतर (d) 97°25' E देशांतर

**उत्तर—(a)**

भारत का मानक समय मेरिडियन 82°30' E पूर्वी देशांतर है, जो उत्तर प्रदेश के नैनी इलाहाबाद (अब प्रयागराज) के पूर्व मिर्जापुर से गुजरती है। मानक समय रेखा भारत के पांच राज्यों उत्तर प्रदेश, मध्य प्रदेश, छत्तीसगढ़, ओडिशा व आंध्र प्रदेश से गुजरती है।

**123. इनमें से कौन-सा महान हिमालय या हिमाद्री में पर्वत शिखर नहीं है?**

(a) माउंट कंचनजंगा (b) माउंट मकालू
(c) माउंट नाग तिब्बा (d) माउंट नंदा देवी

**उत्तर—(c)**

माउंट कंचनजंगा, माउंट मकालू व माउंट नंदा देवी महान हिमालय या हिमाद्री के पर्वत शिखर हैं। इसके अन्य प्रमुख पर्वतों में माउंट एवरेस्ट, धौलागिरि, मनसालू, चो-ओयू, नंगा पर्वत व अन्नपूर्णा हैं। इस श्रेणी में बहुत कम दर्रे हैं, जो सामान्यत: 2500 मीटर से अधिक ऊंचे होने के कारण वर्ष के अधिकांश समय आच्छादित रहते हैं।

**124. इनमें से कौन-सी भारतीय क्षेत्र में एक खाड़ी नहीं है?**

(a) कच्छ की खाड़ी
(b) कंबे की खाड़ी या खंभात की खाड़ी
(c) मन्नार की खाड़ी
(d) अकाबा की खाड़ी

**उत्तर—(d)**

कच्छ, खंभात और मन्नार की खाड़ियां भारतीय भौगोलिक क्षेत्र में स्थित हैं, जबकि अकाबा की खाड़ी लाल सागर के उत्तरी भाग में सिनाई प्रायद्वीप से पूर्व में तथा अरब की मुख्य भूमि से पश्चिम में स्थित है। अकाबा खाड़ी के किनारे मिस्र, इस्राइल, जॉर्डन व सऊदी अरब देश स्थित हैं।

**125. इनमें से कौन-सा यूरोपीय देश है?**

(a) बुल्गारिया (b) सूडान
(c) बेनिन (d) घाना

**उत्तर—(a)**

बुल्गारिया यूरोप महाद्वीप का एक देश है। इसकी राजधानी सोफिया है। इसके पूर्व में काला सागर अवस्थित है। बुल्गारिया लेव इसकी आधिकारिक मुद्रा है।

**126. भारत के इन पड़ोसी देशों में से कौन-सा देश गलत तरीके से अपने राष्ट्रीय खेल से मेल खाता है?**

(a) अफगानिस्तान - बुज्काशी
(b) बांग्लादेश - क्रिकेट
(c) भूटान - तीरंदाजी
(d) नेपाल - वॉलीबॉल

**उत्तर—(b)**

बांग्लादेश का राष्ट्रीय खेल कबड्डी है। अन्य युग्म सही सुमेलित है।

| (देश) | (राष्ट्रीय खेल) |
|---|---|
| भूटान | तीरंदाजी |
| नेपाल | वॉलीबॉल |
| श्रीलंका | वॉलीबॉल |
| पाकिस्तान | हॉकी |
| भारत | हॉकी |

**127. बारिश की छायाएं तब बनाई जाती हैं जब हवाएं नमी को ऊपर उठाने के लिए तेजी से बढ़ती हैं, जहां हवा ठंडी होती है और बारिश या बर्फ के रूप में अपनी नमी को वेग से नीचे गिराने के लिए संघनित होती है। इनमें से कौन-सा वर्षा छाया प्रभाव नही बनाता है?**

(a) क्यूई का हवाई द्वीप
(b) कैलिफोर्निया में डेथ वैली
(c) भूमध्य सागर के तटीय क्षेत्र
(d) हिमालय

**उत्तर—(c)**

दिए गए विकल्पों में भूमध्य सागर का तटीय क्षेत्र वर्षा छाया प्रभाव से नहीं बनता है। ध्यातव्य है कि पूर्वी भूमध्य सागरीय क्षेत्र में तुर्की स्थित टॉरस पर्वतीय क्षेत्र में 'वर्षा छाया प्रभाव' का निर्माण होता है।

**128. भारतीय संविधान के किस संशोधन अधिनियम ने मतदान की उम्र 21 से घटाकर 18 वर्ष कर दी?**

(a) 1992 का 73वां संशोधन अधिनियम
(b) 2002 का 86वां संशोधन अधिनियम
(c) 1993 का 74वां संशोधन अधिनियम
(d) 1989 का 61वां संशोधन अधिनियम

**उत्तर—(d)**

वर्ष 1989 में भारतीय संविधान में 61वें संविधान संशोधन अधिनियम के माध्यम से मताधिकार की उम्र 21 वर्ष से घटाकर 18 वर्ष कर दी गई। 1993 का 74वां संविधान संशोधन नगरों में नगरपालिकाओं के गठन, संरचना, निर्वाचन, शक्तियों व प्राधिकार से संबंधित है। 73वां संविधान संशोधन अधिनियम, 1992 पंचायतों के गठन, संरचना, निर्वाचन, शक्तियों व प्राधिकार से संबंधित है। 86वें संविधान संशोधन अधिनियम द्वारा संविधान में एक नया अनु. 21क जोड़ा गया, जिसके तहत 6-14 वर्ष तक की आयु के बालक/बालिकाओं के लिए शिक्षा के अधिकार को मूल अधिकार बनाया गया।

**129. इनमें से कौन-सा संघ सूची के तहत कोई विषय नहीं है?**

(a) सार्वजनिक स्वास्थ्य
(b) परमाणु ऊर्जा
(c) विदेश मामले
(d) युद्ध और शांति

**उत्तर—(a)**

सार्वजनिक स्वास्थ्य विषय राज्य सूची का विषय है। परमाणु ऊर्जा, विदेशी मामले, युद्ध और शांति, संचार संघ सूची के मुख्य विषय हैं। संघ सूची में कुल 97 विषय सम्मिलित हैं, जबकि राज्य सूची में 66 विषय तथा समवर्ती सूची में 47 विषय सम्मिलित हैं।

**130. कृषि में नवाचार और उद्यमिता को बढ़ावा देने के उद्देश्य से, भारत सरकार स्टार्ट-अप और उन्हें संभावित निवेशकों से जुड़ने में सक्षम बनाने के लिए एक नया कार्यक्रम शुरू कर रही है। इस कार्यक्रम को क्या कहा जाता है?**

(a) पीएमएफबीवाई (PMFBY)
(b) एग्री-उड़ान (AGRI-UDAAN)
(c) पीएमकेएसवाई (PMKSY)
(d) एग्मार्कनेट (AGMARKNET)

**उत्तर—(b)**

कृषि में नवाचार और उद्यमिता को बढ़ावा देने के उद्देश्य से भारत सरकार ने स्टार्ट-अप और उन्हें संभावित निवेशकों से जुड़ने में सक्षम बनाने के लिए 4 अगस्त, 2017 को एग्री-उड़ान कार्यक्रम का शुभारंभ नई दिल्ली में किया है।

**131. निम्नलिखित में से कौन-सा संसद का कार्य नहीं है?**

(a) संसद विधायी (कानून बनाने) और वित्तीय कार्य करती है (धन बिल और बजटीय कार्य) इसके अलावा यह कार्यकारी को भी नियंत्रित करती है और इसकी जवाबदेही सुनिश्चित करती है।
(b) संसद कुछ चुनावी कार्य करती है, क्योंकि यह भारत के राष्ट्रपति और उपराष्ट्रपति का चुनाव करती है।
(c) संसद में संविधान (यानी संशोधन शक्ति) में परिवर्तनों पर चर्चा करने और लागू करने का अधिकार है।
(d) संसद के पास कोई न्यायिक कार्य नहीं है और राष्ट्रपति, उपराष्ट्रपति और सुप्रीम कोर्ट और उच्च न्यायालयों के न्यायाधीशों को हटाने के लिए मंत्रियों की परिषद जिम्मेदार है।

**उत्तर—(d)**

संसद की न्यायिक शक्तियां निम्नलिखित हैं-

1. संविधान के उल्लंघन पर राष्ट्रपति को पदमुक्त।
2. उपराष्ट्रपति को उसके पद से हटाना।
3. उच्चतम न्यायालय (मुख्य न्यायाधीश भी) एवं उच्च न्यायालय के न्यायाधीशों, मुख्य चुनाव आयुक्त, नियंत्रक एवं महालेखा परीक्षक को हटाने के लिए राष्ट्रपति से सिफारिश।
4. अपने सदस्यों या बाहरी लोगों को संसद की अवमानना या विशेषाधिकारों के उल्लंघन के लिए दण्डित।

**132. कलकत्ता (अब कोलकाता) में भारतीय सांख्यिकी संस्थान की स्थापना किसने की?**

(a) आरसी देसाई
(b) पीसी महालनोबिस
(c) दादाभाई नौरोजी
(d) वीकेआरवी राव

**उत्तर—(b)**

भारतीय सांख्यिकी संस्थान की स्थापना पीसी महालनोबिस ने की थी। भारतीय सांख्यिकी संस्थान (आई.एस.आई.) अनुसंधान, शिक्षण एवं सांख्यिकीय के अनुप्रयोग, प्राकृतिक विज्ञान एवं सामाजिक विज्ञान के प्रति समर्पित एक अद्वितीय संस्थान है, जिसकी स्थापना 17 दिसंबर, 1931 को कलकत्ता में हुई थी। इसके चार केंद्र दिल्ली, बंगलुरू, चेन्नई और तेजपुर में अवस्थित हैं।

**133. प्राथमिक क्षेत्र में श्रमिक एक वर्ष में ज्यादातर समय बेरोजगार रहते हैं, इसलिए, यदि इनमें से कुछ श्रमिक प्राथमिक क्षेत्र से अन्य क्षेत्रों में स्थानांतरित किए जाते हैं, तो कुल प्राथमिक उत्पादन में कोई बदलाव नहीं होगा। इस प्रकार की बेरोजगारी को जाना जाता है-**

(a) अल्पकालिक बेरोजगारी
(b) अंतर्निहित बेरोजगारी
(c) अस्थायी बेरोजगारी
(d) संगठित बेरोजगारी

**उत्तर—(b)**

अंतर्निहित बेरोजगारी में प्राथमिक क्षेत्र में श्रमिक एक वर्ष में अधिकतर समय बेरोजगार रहते हैं, इसलिए यदि इनमें से कुछ श्रमिक प्राथमिक क्षेत्र से अन्य क्षेत्रों में स्थानांतरित भी कर दिए जाएं, तो कुल प्राथमिक उत्पादन में कोई भी बदलाव नहीं होगा। कृषि क्षेत्र में सर्वाधिक अंतर्निहित बेरोजगारी परिलक्षित होती है।

**134. इनमें से कौन-सा महात्मा गांधी का आर्थिक विचार नहीं है?**

(a) गैर-हिंसक अर्थव्यवस्था

(b) विकेंद्रीकरण, कुटीर उद्योग

(c) मशीनरी और नवीनतम तकनीक का अधिकतम उपयोग

(d) गांवों या गांव सर्वोदय का पुनर्जन्म

**उत्तर—(c)**

महात्मा गांधी उद्योगों में दीर्घ मशीनरी और नवीनतम तकनीक के अधिकतम उपयोग के प्रबल विरोधी थे। महात्मा गांधी के प्रमुख आर्थिक विचार निम्न हैं-

(i) गैर-हिंसक अर्थव्यवस्था अर्थात बिना किसी जीव-जंतु को नुकसान पहुंचाए आर्थिक क्रिया कलापों में बढ़ोत्तरी।

(ii) शासन-प्रशासन का विकेंद्रीकरण अर्थात सभी की भागीदारी को बढ़ाने के पक्षधर।

(iii) लघु व कुटीर उद्योगों के समर्थक।

(iv) गांवों का सर्वोदय अर्थात प्रवसन किए बिना रोजगार उपलब्धता।

**135. सात मिशन कार्यक्रम का उद्देश्य लक्षित मील का पत्थर हासिल करने के लिए शहरों को निधि देना है। इस कार्यक्रम में इसके अलावा सभी विकल्प शामिल हैं-**

(a) 100 स्मार्ट सिटी मिशन

(b) AMRUT या 'कायाकल्प' और शहरी परिवर्तन के लिए 'अटल मिशन'

(c) HRIDAY, राष्ट्रीय विरासत शहर विकास और उन्नति योजना

(d) अंतरिक्ष साहसिक पर राष्ट्रीय मिशन

**उत्तर—(d)**

सात मिशन कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य शहरों में अधोसंरचनात्मक सुधार के लिए वित्त या निधि (Fund) उपलब्ध करवाना है। इस कार्यक्रम में सम्मिलित हैं-

(i) 100 स्मार्ट सिटी मिशन

(ii) AMRUT कायाकल्प और शहरी परिवर्तन के लिए अटल मिशन

(iii) HRIDAY (राष्ट्रीय विरासत शहर विकास और उन्नति योजना)

**136. यथा अगस्त, 2018 से राज्य सभा के अध्यक्ष कौन हैं?**

(a) एम. वेंकैया नायडू

(b) राजनाथ सिंह

(c) प्रकाश जावड़ेकर

(d) रामविलास पासवान

**उत्तर—(a)**

राज्य सभा के वर्तमान पदेन अध्यक्ष उपराष्ट्रपति एम.वेंकैया नायडू हैं। 5 अगस्त, 2017 को हुए चुनाव में गोपालकृष्ण गांधी को पराजित करके ये भारत के तेरहवें उपराष्ट्रपति निर्वाचित हुए हैं।

**137. मध्य प्रदेश राज्य सरकार ने एक योजना शुरू की जहां गरीबी रेखा (बीपीएल) के नीचे के परिवारों को रु. 200 प्रतिमाह की लागत से बिजली प्रदान की जाएगी। इस योजना को क्या कहा जाता है?**

(a) सेवा भोज योजना

(b) सोलर चरखा योजना

(c) संबल योजना

(d) सूर्यशक्ति किसान योजना

**उत्तर—(c)**

मध्य प्रदेश राज्य सरकार ने जनकल्याण (संबल) योजना दिसंबर, 2018 में प्रारंभ की है, जिसके अंतर्गत प्रदेश के सभी बीपीएल परिवारों (गरीबी रेखा से नीचे जीवन व्यतीत करने वाले परिवार) को 200 रु. प्रतिमाह की लागत से बिजली प्रदान की जाएगी, जिसका मुख्य उद्देश्य राज्य के हर घर तक बिजली पहुंचाना है।

**138. थॉमस कप, जिसे कभी-कभी विश्व पुरुषों की टीम चैंपियनशिप कहा जाता है, खेल के वैश्विक शासी निकाय बैडमिंटन वर्ल्ड फेडरेशन के सदस्य राष्ट्रों का प्रतिनिधित्व करने वाली टीमों में एक अंतरराष्ट्रीय बैडमिंटन प्रतियोगिता है। किस टीम ने थॉमस कप, 2018 जीता?**

(a) कोरिया
(b) थाईलैंड
(c) जापान
(d) चीन

**उत्तर—(d)**

2018 थॉमस कप का आयोजन थाईलैंड में हुआ, जिसमें चीन ने जापान को 3-1 से हराकर खिताब अपने नाम कर लिया।

**139. नीचे कुछ महत्वपूर्ण घटनाएं और तिथियां हैं, जिन्हें 2018 में मनाया गया था। इनमें से कौन-सा सही मिलान नहीं है?**

(a) विश्व रेड क्रॉस दिवस 8- मार्च

(b) गोवा क्रांति दिवस (जीआरडी) 18- जून

(c) बाल श्रम के खिलाफ विश्व दिवस 12- जून
(d) संयुक्त राष्ट्र (यूएन) द्वारा पहला विश्व साइकिल दिवस (डब्लूबीडी) कब मनाया जाता है 3 - जून

उत्तर—(a)

विश्व रेड क्रॉस दिवस प्रतिवर्ष 8 मई को मनाया जाता है, जबकि 8 मार्च को प्रतिवर्ष अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस मनाया जाता है। अन्य विकल्प सही सुमेलित हैं।

**140. दी गई जानकारी से मिशन की पहचान करें। केंद्रीय बजट 2018 में वित्त मंत्री अरुण जेटली ने जनजातीय समुदाय के बच्चों को शिक्षित करने के लिए इस योजना की घोषणा की है।**

(a) प्रधानमंत्री फेलोशिप योजना
(b) महात्मा गांधी सरबत विकास योजना
(c) एकलव्य मॉडल आवासीय स्कूल
(d) शिक्षा में बुनियादी ढांचे और प्रणालियों को पुनः सशक्त करना (वृद्धि)

उत्तर—(c)

केंद्रीय बजट 2018-19 में वित्त मंत्री अरुण जेटली ने जनजातीय बहुल क्षेत्रों मे जनजातीय समुदाय (अनुसूचित जनजाति) के बच्चों को शिक्षित करने के लिए एकलव्य मॉडल आवासीय स्कूल खोलने की घोषणा की है। यह जवाहर नवोदय विद्यालय की तर्ज पर केंद्रीय सरकार द्वारा संचालित होंगे।

**141. भारत दुनिया में ......... सबसे बड़ा फल उत्पादक है।**

(a) दूसरा (b) तीसरा
(c) चौथा (d) पांचवां

उत्तर—(a)

भारत दुनिया में दूसरा सबसे बड़ा फल उत्पादक देश है, जो प्रतिवर्ष 88.48 मिलियन टन फलों का उत्पादन करता है। सर्वाधिक फल के उत्पादन में चीन का प्रथम स्थान है।

**142. कब भारत सरकार ने किसानों को 2020 तक यूरिया सब्सिडी दी?**

(a) 2017 (b) 2016
(c) 2015 (d) 2018

उत्तर—(d)

भारत सरकार द्वारा किसानों को दी जाने वाली उर्वरक (यूरिया) सब्सिडी वर्ष 2018 में बढ़ाकर वर्ष 2020 तक कर दी है। वर्ष 2019-20 के अंतरिम बजट में उर्वरक सब्सिडी की अनुमानित धनराशि 74,986.0 करोड़ रु. निर्धारित की गई है।

**143. e-RaKam कंपनी, भारत सरकार की एक पहल धातु स्क्रैप ट्रेड कॉर्पोरेशन लिमिटेड और सीआरडब्ल्यूसी की संयुक्त पहल के रूप में कार्य करेगी। सीआरडब्ल्यूसी क्या है?**

(a) सेंट्रल रेलसाइड वेयरहाउस कंपनी लिमिटेड
(b) सेंटर ऑफ रीयर वाच कंपनी लिमिटेड
(c) सेंट्रल रेलवे वेस्ट कोच लिमिटेड
(d) केंद्रीय वर्षा जल संचयन निगम समिति

उत्तर—(a)

सीआरडब्ल्यूसी, सेंट्रल रेलसाइड वेयरहाउस कंपनी लिमिटेड का संक्षिप्त रूप है, जो e-RaKam कंपनी और धातु स्क्रैप ट्रेड कॉर्पोरेशन लिमिटेड के साथ मिलकर कार्य करेगी। यह भारत सरकार की एक नवीन पहल है।

**144. आईसीएआर रैंकिंग के अनुसार, 2016-17 में भारत में कृषि विश्वविद्यालयों की सूची में इनमें से कौन-सा कृषि संस्थान शीर्ष पर है?**

(a) नेशनल डेयरी रिसर्च इंस्टीट्यूट (एनडीआरआई), करनाल, हरियाणा
(b) भारतीय कृषि अनुसंधान संस्थान (आईएआरआई), नई दिल्ली
(c) कृषि विज्ञान विश्वविद्यालय (यूएएस), बंगलुरू
(d) असम कृषि विश्वविद्यालय (एएयू), जोरहाट

उत्तर—(a)

आईसीएआर रैंकिंग, 2016-17 के अनुसार, भारत में कृषि विश्वविद्यालयों में नेशनल डेयरी रिसर्च इंस्टीट्यूट (एनडीआरआई), करनाल हरियाणा शीर्ष स्थान पर है। मत्स्य व सागरीय अध्ययन संस्थान, केरल को निचला स्थान प्राप्त हुआ है।

**145. भारत में कई केंद्रीय सरकारी संगठन हैं, जो कृषि विपणन में शामिल हैं। इनमें से कौन-सा ऐसा संगठन नहीं है?**

(a) भारत का कपास निगम
(b) भारतीय खाद्य निगम
(c) कृषि लागत और कीमतों का आयोग
(d) भारत के कृषि निगम

उत्तर—(d)

भारत कपास निगम, भारतीय खाद्य निगम, कृषि लागत एवं कीमत आयोग भारत सरकार के केंद्रीय सरकारी संगठन हैं, जो कृषि विपणन में संलग्न हैं।

**146. इनमें से कौन-सी ई-कॉमर्स कंपनी नहीं है?**

(a) Amazon (b) e-bay

(c) Flipkart (d) Yehi.com

**उत्तर—(d)**

अमेजन (Amazon), इ-बे (e-bay) व फ्लिपकार्ट (Flipkart) एक ई-कॉमर्स कंपनी हैं। Yehi.com ई-कॉमर्स कंपनी न होकर एक मूल्य निर्धारण ऑनलाइन पोर्टल है।

**147. असंगत मैच की पहचान करें।**

(a) प्रिंटिंग प्रेस - जोहॉन्स गुटेनबर्ग

(b) बैक्टीरिया - एंटोनी वान ल्यूवेनहॉक

(c) ऑक्सीजन - एंटोनी लॉरेन लैवोजियर

(d) हाइड्रोजन - ब्लेज पास्कल

**उत्तर—(c & d)**

प्रिंटिंग प्रेस की खोज जोहॉन्स गुटेनबर्ग ने तथा बैक्टीरिया की खोज एंटोनी वॉन ल्यूवेनहॉक ने की थी। ऑक्सीजन की खोज का श्रेय जोसेफ प्रिंसटले व कार्ल विल्हम सीले को जाता है। जबकि एटोनी लॉरेन लैवोजियर को आधुनिक रसायनशास्त्र का पिता माना जाता है। हाइड्रोजन की खोज हेनरी केवेंडिस ने की थी तथा ब्लेज पास्कल एक गणितज्ञ थे। UPSSSC ने इस प्रश्न का उत्तर विकल्प (d) माना है।

**148. निम्नलिखित में से कौन-से कानून/सिद्धांत सही तरीके से मेल नहीं खाते हैं?**

(a) एवोगाड्रो का कानून : एक ही तापमान और दबाव में सभी गैसों के बराबर मात्रा में अणुओं की समान संख्या होती है

(b) बॉयल का नियम : गैसों में दबाव और मात्रा के बीच संबंध

(c) संक्रम सिद्धांत : व्यक्ति से व्यक्ति में संचारित होने वाली जीवित एजेंट के कारण होने वाली संक्रामक बीमारियां

(d) हुंड का नियम : परमाणु में कोई भी दो इलेक्ट्रॉन एक ही ऊर्जा स्तर पर नहीं रख सकते हैं।

**उत्तर—(d)**

हुंड ने रसायनशास्त्र में बहुलता का नियम प्रतिपादित किया जिसके अनुसार, इलेक्ट्रॉन तब तक युग्मित नहीं होते जब तक कि रिक्त कक्षक प्राप्य है अर्थात जब तक संभव है। इलेक्ट्रॉन अयुग्मित अवस्था में रहते हैं।

**149. आइन-ए-अकबरी किसने लिखा?**

(a) फैजी

(b) बीरबल

(c) अबुल फजल

(d) मुल्ला दो पियाजा

**उत्तर—(c)**

अबुल फजल ने आइन-ए-अकबरी की रचना की हैं। अबुल फजल अकबर के नवरत्नों में एक हैं, जिन्हें सर्वप्रथम तौहीद-ए-इलाही तथा दीन-ए-इलाही का प्रधान पुरोहित बनाया गया। अबुल फजल ने कालियादमन (श्रीकृष्ण) का फारसी में अनुवाद किया था तथा अपने ग्रंथों में अमेरिका की खोज का उल्लेख किया है। शाहजादा सलीम के इशारे पर ओरछा के बुदेंला सरदार वीर सिंह देव ने मार्ग में अबुल फजल की हत्या कर दी थी।

**150. असंगत मैच की पहचान करें।**

(a) आशा और इतिहास के बीच : बिल क्लिंटन

(b) पक्षी और जानवर : मार्क ट्वेन

(c) ब्लैक होल और बेबी यूनिवर्सिटी : स्टीफन हॉकिंग

(d) ब्रोकन विंग : इंदिरा गांधी

**उत्तर—(d)**

ब्रोकन विंग सरोजिनी नायडू की रचना (Book) है न कि इंदिरा गांधी की। अन्य विकल्प सही सुमेलित हैं।

| **(पुस्तक)** | **(लेखक)** |
|---|---|
| आशा और इतिहास के बीच | बिल क्लिंटन |
| पक्षी और जानवर | मार्क ट्वेन |
| ब्लैक होल और बेबी यूनिवर्सिटी | स्टीफन हॉकिंग |

Adda247

GET IT ON
Google Play